केवल आप के लिये
गांव–गांव शहर–शहर देश दुनियां में अपनों तक पहुंचाना है तो :भारतीय बस्ती दैनिक वेब www.bhartiyabasti.com और उसका छपा संस्करण सबसे बेहतर माध्यम
सम्पर्क–bhartiyabasti@gmail.com
मो० 9450567450| 9336715406

# दैनिक भारतीय बस्ती

भारतीय बस्ती
www.bhartiyabasti.com के लिये विज्ञापन बुक कराये। विचार, प्रचार का सशक्त माध्यम
सम्पर्क
मो० 9450567450
9336715406

भारतीय बस्ती आमंत्रण मूल्य 2रूपया

R.N.I. 38784/81 डाक पंजीकरण सं0 B.S.T 59 बस्ती, वर्ष :45 अंक 206 शुक्रवार 16 फरवरी 2024 (बस्ती संस्करण) बस्ती एवं अयोध्या–फैजाबाद से एक साथ प्रकाशित पृष्ठ :4मूल्य:3.00 रुपया www.bhartiyabasti.com

## एक नजर

### जगन्नाथ पुरी जा रही तीर्थ यात्रियों की बस पलटी, 25 यात्री घायल

**संवाददाता–बस्ती।** बस्ती जनपद से तीर्थ यात्रा कराने ले जा रही यात्रियों की बस सोनभद्र जनपद के राबर्टसगंज थाना क्षेत्र के मारकुंडी घाटी में गुरुवार की रात करीब दो बजे पलट गई, जिससे बस में सवार 25 यात्री घायल हो गए। घायलों में से तीन की हालत गंभीर देखते हुए ट्रामा सेंटर वाराणसी के लिए रेफर कर दिया गया है । प्राप्त जानकारी के अनुसार, बस संख्या यूपी 47 टी 8978 में पैंसठ तीर्थ यात्री सवार होकर को उड़ीसा राज्य के जगन्नाथपुरी में दर्शन करने हेतु जा रहे थे। उक्त बस डबल डेकर बताया जा रहा है,बस अभी राबर्टसगंज थाना क्षेत्र के मारकुंडी घाटी में पहुंची थी कि अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे बस में सवार 25 यात्री घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अधिकतर यात्री सोए हुए थे, दुर्घटना के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई। सूचना के बाद घटनास्थल पर पहुंची पुलिस और एंबुलेंस नें घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां पर तीन घायलों की स्थिति गंभीर देखते हुए ट्रामा सेंटर वाराणसी के लिए रेफर कर दिया गया। घायलों के अनुसार अस्पताल में समुचित सुविधा न होने की वजह से उनका इलाज सही ढंग से नहीं हो पा रहा है।

घायलों में चतुर्भुज (40) वर्षीय निर्मला (55), श्रीकांति (60), भीम उपाध्याय (32) पुजारी शर्मा (62), सुभाष राय (61), सावित्री बोईन(60), रामसकल (65), शंभू (65), दयाराम (55), कृष्णा (64), सूर्यनारायण(65), प्रमिला (51), शीला (50), विजय (63), रामचंद्र (65), रविंद्र नाथ (65), कमलावती (64), विवेक (19), कपिल मुनि (65), जनक (60), गिरिजेश (55), मांडवी (56) , नेबुलाल (55) और सरोज (48) शामिल हैं। जिनका जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। तीर्थ पंडा चतुर्भुज, निर्मला, दिनेश, भीम उपाध्याय समेत चार लोगों को चिकित्सकों ने वाराणसी रेफर कर दिया। सीओ नगर राहुल पांडेय ने बताया कि सूचना मिलने पर सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया है। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

### कन्या सुमंगला योजना, 15 की जगह मिलेंगे 25000 हजार

**संवाददाता–लखनऊ।** 'मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना' योजना को लेकर यूपी सरकार ने बड़ी राहत दी है। सरकार ने योजना के तहत दी जाने वाली धनराशि को 15 हजार रुपये से बढ़ाकर अब 25000 रुपये कर दिया है। महिलाओं के सशक्तीकरण के मिशन को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ा रही योगी सरकार ने बजट 2024–25 से 'मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना' के तहत प्रदान की जाने वाली धनराशि को बढ़ाने के लिए प्रावधान किया था। यह धनराशि 6 किश्तों या यूं कहें कि 6 श्रेणियों में प्रदान की जाती है। बजट में किए गए प्रावधान के अनुसार अब सभी 6 श्रेणियों में धनराशि को बढ़ाया गया है।

### धोखाधड़ी में वांछित के घर नोटिस चस्पा

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। लंबे समय से फरार चल रहे धोखाधड़ी के आरोपित के घर पहुंच कर पुलिस ने नोटिस चस्पा करने के साथ डुग्गी मुनादी कराया। कोतवाली थाना क्षेत्र के गांधी नगर क्षेत्र के बिशुनपुरवा निवासी शरद चंद्र मिश्र पुत्र उमाशंकर मिश्र के खिलाफ न्यायालय में धोखाधड़ी का मुकदमा चल रहा है। शरद चंद्र लंबे समय से न्यायालय में हाजिर नहीं हो रहे है। न्यायालय ने पुलिस को वांछित के घर पर नोटिस चस्पा करने का निर्देश दिया था। सिद्धार्थनगर जिले के थाना सिद्धार्थनगर के उप निरीक्षक अमित कुमार शाही व बस्ती कोतवाली के आरक्षी असगर अली, अशरफ के साथ शरद चंद्र मिश्र के घर पहुंचकर नोटिस चस्पा कर डुग्गी मुनादी करने के साथ में नगर पालिका कार्यालय में भी नोटिस चस्पा कराया।

# चुनावी बॉन्ड पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक



**नई दिल्ली (आभा)।** लोकसभा चुनाव से करीब दो महीने पहले सुप्रीम कोर्ट से भाजपा समेत तमाम राजनीतिक दलों को करारा झटका लगा है। शीर्ष अदालत की संवैधानिक बेंच ने चुनावी बॉन्ड की व्यवस्था को खत्म कर दिया है, जिसे अप्रैल 2019 से लागू किया गया था। इसके अलावा राजनीतिक दलों को आदेश दिया है कि वे चुनावी बॉन्ड से मिली फंडिंग को वापस भी करें। इससे सबसे बड़ा झटका भाजपा को ही माना जा रहा है क्योंकि इलेक्टोरल बॉन्ड्स से सबसे ज्यादा चंदा उसे ही मिल रहा था। अदालत ने कहा है कि चुनावी बॉन्ड्स पर आज से ही रोक लगाई जाती है। 12 अप्रैल, 2019 से अब तक चुनावी बॉन्ड्स किन–किन लोगों ने खरीदे और कितनी रकम लगाई, यह जानकारी स्टेट बैंक को देनी होगी। अदालत ने कहा कि यह जानकारी पहले स्टेट बैंक की ओर से चुनाव आयोग को दी जाएगी। फिर आयोग की ओर से जनता को यह जानकारी मिलेगी। अदालत ने कहा कि चुनावी बॉन्ड की इस तरह की खरीद से ब्लैक मनी को बढ़ावा ही मिलेगा। इससे कोई रोक नहीं लगेगी और पारदर्शिता का भी हनन होता है।

बेंच ने कहा कि यदि ये इलेक्टोरल बॉन्ड बेनामी खरीद के तहत लिए जाते हैं तो यह सूचना के अधिकार के नियम का उल्लंघन है। हम इस संवैधानिक अधिकार के उल्लंघन पर आंख बंद नहीं कर सकते। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली बेंच ने कहा कि जनता को यह जानने का हक है कि आखिर राजनीतिक दलों के पास पैसे कहां से आते हैं और कहां जाते हैं। बेंच ने कहा कि सरकार को चुनावी प्रक्रिया में काला धन रोकने के लिए कुछ और तरीकों पर भी विचार करना चाहिए। इलेक्टोरल बॉन्ड्स के खिलाफ दायर अर्जियों में कहा गया था कि इस तरह का नियम गलत है। इससे ब्लैक मनी खत्म नहीं होगा बल्कि बढ़ ही सकता है। वहीं सरकार का पक्ष था कि सिर्फ जनता के पास यह जानकारी नहीं रहेगी। सरकार, बैंक और आयकर विभाग के पास यह डेटा रहेगा। ऐसे में इससे किसी तरह की गड़बड़ी नहीं हो सकती। सरकार के इस तर्क को अदालत ने खारिज कर दिया कि जनता को इलेक्टोरल बॉन्ड्स की जानकारी न देने में कुछ गलत नहीं है। बेंच ने कहा कि ऐसा नियम तो आरटीआई का उल्लंघन है।

अदालत ने कहा कि जनता को यह जानने का हक है कि वह जिन राजनीतिक दलों को वोट देती है, उनके पास पैसा कहां से आता है और कहां जाता है। संविधान का उल्लंघन है, यदि जनता को चुनावी फंडिंग के बारे में जानकारी नहीं दी जा जाती। इस प्रकार शीर्ष अदालत ने 2018 में आई चुनावी बॉन्ड्स की व्यवस्था पर बड़ा फैसला दिया है। अदालत ने इस मामले में चुनाव आयोग की भी खिंचाई की और सवाल पूछा कि आखिर वह चुनावी बॉन्ड्स की जानकारी अपने पास क्यों नहीं रखता।

# किसानो ने किया भारत बंद का आवाहन



**चंडीगढ़ (आभा)।** हरियाणा में विभिन्न स्थानों पर किसानों के धरने–प्रदर्शन के चलते तीन दिन से यातायात प्रभावित होने से बेबस लोगों की परेशानी और बढ़ने वाली है। संयुक्त किसान मोर्चा, 10 केंद्रीय श्रमिक संगठनों और कर्मचारी संघों के महासंघ की शुक्रवार को होने वाली हड़ताल और ग्रामीण भारत बंद के समर्थन में उतरी रोडवेज कर्मचारी यूनियनों ने रोडवेज बसों का चक्का जाम करने की घोषणा की है। इस दौरान फल–सब्जियों और दूध की सप्लाई भी प्रभावित रहने के आसार हैं।

हरियाणा रोडवेज कर्मचारी तालमेल कमेटी के साथ ही ऑटो चालक, कैंटर और ट्रक व टैक्सी ड्राइवर भी हिट एंड रन कानून के खिलाफ चक्का जाम में शामिल होंगे। सीटू से संबद्ध द ट्रांसपोर्ट वर्कर्स यूनियन हरियाणा के राज्य प्रधान शरबत पूनिया व महासचिव सतीश सेठी ने दावा किया कि शुक्रवार को सभी रोडवेज बसों का चक्का जाम रहेगा। राष्ट्रव्यापी हड़ताल को लेकर बृहस्पतिवार को संयुक्त किसान मोर्चा, सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियंस (सीटू), ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस (एटक), इंडियन नेशनल ट्रेड यूनियन कांग्रेस (इंटक), अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस (एआइटीयूसी) सहित अन्य मजदूर और खेत मजदूर संगठनों, अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ। अखिल भारतीय फेडरेशन, सर्व कर्मचारी संघ और हरियाणा कर्मचारी महासंघ की ओर से शहरों में मोटरसाइकिल जुलूस निकाले गए। इस दौरान कर्मचारियों, किसानों और श्रमिकों से जिला मुख्यालयों पर होने वाले प्रदर्शनों में शामिल होने का आह्वान किया गया।

अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष लांबा ने कहा कि कर्मचारी पुरानी पेंशन बहाली व नौकरी पक्का करने जैसी मांगों के लिए संघर्ष कर रहे हैं। इनके लिए कोई गारंटी नहीं दे रहा। न ही केंद्र सरकार किसानों से किए वादे को पूरा कर रही है। उन्होंने कहा कि भारत बंद में केंद्र सरकार के कर्मचारियों के साथ ही राज्य सरकार के बड़ी संख्या में कर्मचारी, आढ़ती, व्यापारी, ट्रांसपोर्टर्स सहित अन्य वर्गों के लोग शामिल होंगे। सभी जिला एवं खंड मुख्यालयों पर प्रदर्शन एवं रैलियां की जाएंगी। संयुक्त किसान मोर्चा ग्रामीण क्षेत्रों में बंद करेगा और प्रदर्शन करेगा।

# उर्मिला एजूकेशनल एकेडमी में पूजन अर्चन कर मना बसंत पंचमी



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। विद्यालय के प्रधानाचार्य नरेन्द्र सिंह, प्रधानाचार्या शशि प्रभा त्रिपाठी एवमं समस्त शिक्षक बन्धुओं व छात्रध्छात्राओं के द्वारा सुबह की सभा में मां सरस्वती की प्रतिमा की पूजा की गई। विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना और भजन गाकर मां का आशीर्वाद लिया।

विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक विनय शुक्ल ने अपने भाषण में सभी को बसंत पंचमी के पावन अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं दी और कहा कि कक्षा 10 और 12 के छात्रों के लिए यह एक महत्वपूर्ण समय होता है। आप सभी अपनी बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी में व्यस्त हैं। इस समय आपको कड़ी मेहनत और लगन से अध्ययन करना चाहिए। आपको अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए और सफलता प्राप्त करने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए। इस पर्व पर हमें अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का संकल्प भी लेना चाहिए। हमें अपने जीवन में अनुशासन और समय का सदुपयोग करना चाहिए। हमें अपने स्वास्थ्य का भी ध्यान रखना चाहिए।

प्रधानाचार्य ने अपने भाषण में कहा कि बसंत पंचमी का पर्व विद्यार्थियों के लिए ज्ञान और कला के प्रति समर्पण का प्रतीक है। इस अवसर पर, मैं आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। और हमें मां सरस्वती से प्रार्थना करनी चाहिए कि वे हमें ज्ञान और शिक्षा के मार्ग पर आगे बढ़ने का आशीर्वाद दें।

मॉ सरस्वती का पूजन अर्चन के बाद हवन किया गया। विद्यालय के छात्रध्छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक बसन्त गुप्ता, राकेश पाण्डेय, संतोष सिंह, श्रवण चौधरी, अभिनव प्रकाश पाण्डेय, मनोज मिश्रा, राजेश पाण्डेय, संजय प्रजापति, अमन मिश्रा अध्यापिका पूजा सिंह, चन्दा मिश्रा, सतनाम कौर, मधु कन्नौजिया, स्तुति मिश्रा, अपराजिता मिश्रा, अपूर्वा त्रिपाठी, नम्रता पाण्डेय, कमलोज मिश्रा आदि सहित सभी अध्यापकध्अध्यापिकांए उपस्थित रहें।

# लोकसभा चुनाव प्रबंधन कार्यालय का शुभारम्भ



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। भाजपा द्वारा लोकसभा चुनाव के चलते चुनाव प्रबंधन कार्यालय का उद्घाटन किया गया । कार्यालय मालवीय रोड बैरिहवा चौराहा पर बनाया गया है। कार्यालय उद्घाटन में पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं क्लस्टर प्रभारी सिद्धार्थनाथ सिंह, सांसद हरीश द्विवेदी, जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र, लोकसभा प्रभारी सेतभान राय, लोकसभा संयोजक केडी चौधरी, विधायक अजय सिंह, संजय चौधरी, दयाराम चौधरी, राजेंद्र नाथ तिवारी, अरविन्द पाल, सिद्धार्थशंकर मिश्रा, विपिन कुमार, त्रिपाठी सहित अन्य भाजपा नेता मौजूद रहे।

जिला महामंत्री किमो अमृत कुमार वर्मा ने बताया की कार्यालय में पूजा अर्चना और उसके बाद पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं क्लस्टर प्रभारी सिद्धार्थनाथ सिंह और सांसद हरीश द्विवेदी ने कार्यालय का फीता काट कर आधिकारिक उद्घाटन किया।

पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं क्लस्टर प्रभारी सिद्धार्थनाथ सिंह ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा इस बार 400 से ज्यादा सीट प्राप्त करेगी और बस्ती में रिकॉर्ड मतों से जीत दर्ज करेगी। आज मोदी सरकार ने जिस तरह देश को विश्व पटल पर ला दिया है वो हर भारतीय के लिए गर्व की बात है। आज हम सभी को एक साथ पूरे जोश से भाजपा को पूर्ण बहुमत से जिताना है और जो भी विपक्ष में आएगा उसकी जमानत जब्त करनी है। सांसद हरीश द्विवेदी ने कहाँ की जनता आदरणीय प्रधानमंत्री को लोकसभा की सभी सीटों पर विजय का आशीर्वाद देने का मन बना चुकी है। अबकी बार 400 पार, फिर एक बार भाजपा सरकारष उन्होंने प्रधानमंत्री की ओर से पार्टी के 370 पार संबंधित मंत्र को लेकर कहा कि अगर भारत को विश्वगुरु बनना है तो वे सभी आंतरिक बाधाएं दूर करनी होंगी, जिनसे विकास में बाधा पैदा होती है। भाजपा ने धारा 370 हटाई और अब मोदी ने इसी क्रम में 370 का गुरु मंत्र दिया है। जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र ने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव की दृष्टि से लोकसभा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने सभी पार्टी कार्यकर्ताओं को एक जड़ी–बूटी दी है। अब पार्टी का संकल्प 370 पार करना है।

इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष यशकांत सिंह, पवन कसौधन, प्रेम सागर त्रिपाठी, विवेकानन्द वर्मा, अनूप खरे, दया शंकर मिश्रा, राजेश पाल चौधरी, आनंद सिंह कलहंस, राजेंद्र गौड़, राना नागेश सिंह, जगदीश शुक्ला, सुखराम गौड़, रवि सिंह, रोली सिंह, श्रीश पाण्डेय, राकेश श्रीवास्तव, रघुनाथ सिंह, अभिषेक कुमार, दुष्यंत सिंह., भानु प्रकाश मिश्रा, प्रत्युष विक्रम सिंह, श्रुति कुमार अग्रहरि, प्रेम प्रकाश चौधरी, गौरव मणि तिवारी, सुजीत सोनी, सतेन्द्र सिंह, दिवाकर मिश्रा, राधेश्याम कमलापुरी, दिलीप भट्ट, अभिषेक सिंह, समीर कुमार, संतोष पाण्डेय, राजेंद्र राजभर, दुर्गेश कुमार अग्रहरि, विवेकानन्द शुक्ला, अंकित पाण्डेय, राजेश त्रिपाठी, राजेश कमलापुरी, जतिन गौड़, बच्चा लाल चौधरी, आदि मौजूद रहे।

# सोनिया गांधी ने रायबरेली की जनता को लिखा पत्र, अब चुनाव नहीं लड़ पाऊंगी, परिवार को संभाल लीजिएगा



**संवाददाता–लखनऊ।** कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने राज्यसभा चुनाव के लिए राजस्थान से नामांकन दाखिल करने के एक दिन बाद रायबरेली की जनता को एक भावुक पत्र लिखा है। इसमें उन्होंने स्वास्थ्य और बढ़ती उम्र का हवाला देते हुए अगला चुनाव न लड़ने की बात कही है। हालांकि, रायबरेली से गहरा रिश्ता बताते हुए आगे भी परिवार को संभालने की अपील की है। उनकी अपील से स्पष्ट हो गया है कि गांधी परिवार का ही कोई शख्य रायबरेली से चुनाव लड़ेगा। सोनिया गांधी ने पत्र में लिखा है कि मेरा परिवार दिल्ली में अधूरा है। वह रायबरेली आकर आप लोगों में मिलकर पूरा होता है। यह नेह – नाता बहुत पुराना है और अपनी ससुराल से मुझे सौभाग्य की तरह मिला है। रायबरेली के साथ हमारे परिवार के रिश्तें की जड़ें बहुत गहरी हैं। आजादी के बाद हुए पहले लोकसभा चुनाव में आपने मेरे ससुर फीरोज गांधी को यहां से जिताकर दिल्ली भेजा। उनके बाद मेरी सास इंदिरा गांधी को आपने अपना बना लिया। तब से अब तक यह सिलसिला जिंदगी के उतार–चढ़ाव और मुश्किल भरी राह पर प्यार और जोश के साथ आगे बढ़ता गया और इस पर हमारी आस्था मजबूत होती चली गई।

इसी रौशन रास्ते पर आपने मुझे भी चलने की जगह दी। सास और जीवनसाथी को हमेशा के लिए खोकर मैं आपके पास आई और आपने अपना आंचल मेरे लिए फैला दिया। पिछले दो चुनाव में विषम परिस्थितियों में भी आप एक चट्टान की तरह मेरे साथ खड़े रहे, मैं यह कभी भूल नहीं सकती। यह कहते हुए मुझे गर्व है कि आज मैं जो कुछ भी हूं, आपकी बदौलत हूं और मैंने इस भरोसे को निभाने की हरदम कोशिश की है।

उन्होंने कहा कि अब स्वास्थ्य और बढ़ती उम्र के चलते मैं अगला लोकसभा चुनाव नहीं लडूंगी। इस निर्णय के बाद मुझे आपकी सीधी सेवा का अवसर नहीं मिलेगा, लेकिन यह तय है कि मेरा मन–प्राण हमेशा आपके पास रहेगा। मुझे पता है कि आप भी हर मुश्किल में मुझे और मेरे परिवार को वैसे ही संभाल लेंगे जैसे अब तक संभालते आये हैं। उन्होंने जल्द मिलने का भी वादा किया।

# किसानों की मांग पूरी नहीं की तो आंदोलन में शामिल होगी भाकियू –नरेश टिकैत

**बागपत (आभा)।** भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत ने कहा कि किसानों की मांग पूरी नहीं की तो भाकियू कार्यकर्ता आंदोलन में भाग लेंगे। किसान आंदोलन को लेकर 17 फरवरी को सिसौली में होने वाली पंचायत में रणनीति तैयार की जाएगी। उन्होंने दोबारा से कहा कि राजनीति में दुश्मन कब दोस्त बन जाए इसका पता नहीं चलता है। कल तक सरकार की नीतियों का विरोध करने वाले चौधरी जयंत ने अब भाजपा से गठबंधन कर लिया।

# भाजपा के आठवें उम्मीदवार संजय सेठ ने दाखिल किया नामांकन



**संवाददाता–लखनऊ।** राज्यसभा के चुनाव के लिए यूपी में भाजपा के आठवें प्रत्याशी के रूप में संजय सेठ ने नामांकन दाखिल कर दिया है। उन्होंने उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना और कैबिनेट मंत्री जतिन प्रसाद की मौजूदगी में नामांकन दाखिल किया।

इस मौके पर भाजपा के कई अन्य नेता और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। भाजपा के आठवें प्रत्याशी के नामांकन दाखिल करने के बाद सपा विधायकों में सेंध लगना तय है। भाजपा के पास 290 वोट हैं। सात प्रत्याशियों की जीत के लिए 261 मत की आवश्यकता है। पार्टी के पास 29 वोट अतिरिक्त है। एक प्रत्याशी के लिए 37.3 वोट चाहिए। इस तरह भाजपा को आठवीं सीट के लिए 8 वोट और चाहिए। संजय सेठ पुराने सपाई नेता है। वह सपा में सेंधा लगाने का प्रयास करेंगे। दरअसल, सपा विधायक पल्लवी पटेल ने पार्टी की तरफ से घोषित किए गए प्रत्याशियों को लेकर अपनी नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने कहा था कि हम पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यकों से वोट लेते हैं लेकिन राज्यसभा के प्रत्याशियों में इन वर्गों की अनदेखी की गई है। उन्होंने सपा प्रत्याशियों को वोट न करने का एलान किया है। ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं कि अपने आठवें प्रत्याशी के लिए भाजपा सपा में सेंध लगाने में कामयाब रहेगी।` नेतृत्व में नामांकन दाखिल कर दिया है। पार्टी ने नवीन जैन, साधना सिंह, आरपीएन सिंह, सुधांशु त्रिवेदी, तेजवीर सिंह, अमरपाल मौर्य और संगीता बलवंत बिंद को प्रत्याशी बनाया है।

# गोरखपुर को सीएम योगी ने दी 60 करोड़ की सौगात




**संवाददाता–गोरखपुर।** गोरखपुर में बीआरडी मेडिकल कॉलेज को सीएम योगी ने 60 करोड़ रुपये की सौगात दी। इस दौरन सीएम योगी ने प्रशासनिक भवन का शिलान्यास भी किया। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि डबल इंजन की सरकार के प्रयासों से छह–सात वर्षों में पूर्वी उत्तर प्रदेश में इंसेफेलाइटिस पूरी तरह नियंत्रित और समाप्त हो चुका है। इसके उन्मूलन की बस घोषणा बाकी है। इंसेफेलाइटिस नियंत्रण देश और दुनिया का एक सफलतम मॉडल है। स्वास्थ्य विभाग को नोडल विभाग बनाकर तैयार किए गए इस सफलतम मॉडल का केंद्र गोरखपुर का बीआरडी मेडिकल कॉलेज है। सीएम योगी गुरुवार को बीआरडी मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस छात्रों के लिए 60 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले नए प्रशासनिक भवन का शिलान्यास तथा मेडिकल कॉलेज में सोलर रूफटॉप प्लांट के लोकार्पण के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस इंसेफेलाइटिस से हर साल बारह सौ से पंद्रह सौ मौतें होती थीं, आज उसे पूरी तरह कंट्रोल करते हुए हम लोग मासूम बच्चों को बचाने में सफल हुए हैं। स्वाभाविक रूप से उसके लिए जो मैनपावर लगता था, उसमें जो संसाधन लगते थे, उसको हम क्वालिटी ऑफ हेल्थ के लिए अन्य लोगों को भी उपलब्ध कराने में उपयोग कर रहे हैं।

सीएम योगी ने कहा कि 1977–78 से लेकर 2017 तक इंसेफेलाइटिस को समाप्त करने के बारे में सरकारें सोचती तक नहीं थीं। 2017 में मुख्यमंत्री बनने पर मैंने समाप्त करने, इसके उन्मूलन के बारे में मॉडल तैयार करने पर विचार किया। इसी सिलसिले में कुशीनगर मुसहरों के बीच जाकर स्वच्छता अभियान चलाया। उन्हें स्वच्छता के तरीके समझाए, साबुन के प्रयोग की जानकारी दी। तब मुझ पर तीन दिन मीडिया ट्रायल चला। मीडिया में हंसी उड़ाई गई कि एक मुख्यमंत्री गरीबो को साबुन बांट रहा है। पर, जब कोरोना आया तो ट्रायल करने वाले मीडिया के साथियों को भी साबुन और स्वच्छता की बात समझ में आई। सीएम योगी ने कहा कि बीआरडी मेडिकल कॉलेज का अपना गौरवशाली इतिहास है। इस मेडिकल कॉलेज ने अनेक उतार–चढ़ाव भी देखे हैं। वह भी दौर देखा है जब इस मेडिकल कॉलेज में यह पूर्वी यूपी का स्वास्थ्य का एकमात्र केंद्र हुआ करता था और वह भी संसाधनों के अभाव से जूझता था। न डॉक्टर थे, न पैरामेडिक्स थे, न नर्सिंग स्टाफ था और न अन्य कार्यों के लिए जरूरी मैनपावर। इस मेडिकल कॉलेज पर 1997–98 में मान्यता का संकट आया था। तब अतिरिक्त प्रयास करने पड़े थे। एमसीआई ने 1998–99 में एक बार फिर से मान्यता को एक प्रकार से वापस ले लिया था। तब मैं तत्कालीन चिकित्सा शिक्षा मंत्री को लेकर दिल्ली गया था, शपथ पत्र दिलवाया था कि हम यहां की आवश्यकता को पूरा करेंगे। तब कहा था कि बीआरडी मेडिकल कॉलेज इस पूर्वी उत्तर प्रदेश के लिए स्वास्थ्य सेवाओं का बैकबोन है। उसको बंद कर देंगे तो सबकुछ बंद हो जाएगा। जो हजारों मौतें इंसेफेलाइटिस से होती हैं, इन मौतों को नियंत्रित कर पाना कठिन हो जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीआरडी मेडिकल की प्रतिस्पर्धा किसी मेडिकल कॉलेज से नहीं है। यह काफी आगे बढ़ चुका है। अब इसे एम्स गोरखपुर से प्रतिस्पर्धा करनी है। क्वालिटी दोनों की समानांतर चल रही है। थोड़ा प्रयास करेंगे तो एसजीपीजीआई लखनऊ और एम्स दिल्ली की तरह ही बीआरडी मेडिकल कॉलेज तथा एम्स गोरखपुर एक दूसरे के प्रतिस्पर्धी हो जाएंगे। इसके लिए दोनों के बीच नॉलेज का आदान–प्रदान होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज एक नया उत्तर प्रदेश सबके सामने है। इसी माह 19 तारीख को देश का सबसे बड़ा निवेश यूपी में होने जा रहा है। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में पीएम मोदी दस लाख करोड़ की निवेश परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। ऐसा करने वाला यूपी देश का पहला राज्य होगा।

# सीडीए एकेडमी बनकटी में आयोजित वार्षिक उत्सव में बच्चों ने दिखाया हुनर



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। सीडीए एकेडमी में वार्षिक उत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि बस्ती सांसद हरीश द्विवेदी एवं विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानंद मिश्र रहें। मुख्य अतिथि सांसद हरीश द्विवेदी एवं विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानंद मिश्र एवं एसडीएम गुलाब चंद्र ने मां सरस्वती जी के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यालय के प्रबंधक अरविंद पाल एवं प्रबंध निदेशक डॉ० अरुणा सिंह पाल ने सांसद एवं जिलाध्यक्ष को बुके एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। डॉ० अरुणा सिंह पाल ने कहा कि बस्ती जनपद का राष्ट्रीय स्तर तक ले जाने एवं जनपद के विकास को शीर्ष पर ले जाने का संपूर्ण श्रेय सांसद महोदय को जाता है। बच्चों ने सर्वप्रथम 14 फरवरी को पुलवामा हमले में शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर बच्चों ने विभिन्न राज्यों के संस्कृति का प्रदर्शन किया। जिसमें गणेश वंदना, राजस्थानी डांस किसानों को समर्पित नृत्य, होली डांस, कत्थक नृत्य फ्युजन डांस, पंजाबी डांस, आर्मी डांस, हनुमान चालीसा,शिव तांडव आदि महत्वपूर्ण रहें। सांसद हरीश द्विवेदी ने बच्चों के कार्यक्रम की प्रशंसा की और उनका उत्साहवर्धन किया एवं समस्त विद्यालय परिवार एवं प्रबंधन की प्रशंसा करते हुए ग्रामीण आंचल में उनके प्रयासों की सराहना किया। कार्यक्रम में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों में शिवांश साक्षी साहिल आकांक्षा अनुष्का काजल शर्मा चंद्रकला अमन यादव तौकीर रजा खान सिद्धि आस्था, रैलिशा आंशी एकता ऋषिता साउद सत्यशील, हर्षित, दिव्यांश,विवेक मुख्य रहे। इस अवसर पर सम्मानित नगर पंचायत अध्यक्षगण, जिला पंचायत सदस्यगण, प्रमुखगण, प्रधानगण, अभिभावक गण, दर्शक, विद्यालय के शिक्षक गण रोली शुक्ला, संजय यादव, अवधेश चौधरी, पंकज द्विवेदी, धर्मेंद्र यादव, नीतू सिंह, सतीश पाल, मो० अरशद, दीपक जायसवाल, श्रुति त्रिपाठी आदि रहे।

*"मुझे अखबार निकालने दो तो मैं इस बात की परवाह नहीं करता कि कौन धर्म का नियामक है और कौन कानून का निर्माता"–वेंडेल फिलिप्स*

दैनिक
भारतीय बस्ती
बस्ती 16 फरवरी 2024 शुक्रवार

## सम्पादकीय

### आदिवासियों के विकास का प्रश्न

देश की कुल आबादी का 8.6 प्रतिशत भाग आदिवासियों का है। मतलब, देश में 10 करोड़ से ज्यादा आदिवासी हैं, इनमें से लगभग 28 लाख ऐसे हैं, जो आज भी विकास की मुख्यधारा से दूर हैं। आदिवासियों की इतनी बड़ी संख्या भारत के विकास में प्रभावशाली हस्तक्षेप दर्ज नहीं करा पा रही है। एकात्म मानववाद के प्रणेता दीनदयाल उपाध्याय के शब्दों में कहें, तो ये भारतीय समाज के सबसे अंतिम पंक्ति के नागरिक हैं।

आंकडे बताते हैं कि देश के कुल 83 चरमपंथी माओवादी आतंकवाद प्रभावित जिलों में से 42 अनुसूचित क्षेत्र के हैं। भारत सरकार द्वारा जारी एक आधिकारिक आंकड़े में बताया गया है कि इन आदिवासियों के कुल 75 समूह हैं, जो देश के 22 हजार गांवों में निवास करते हैं। जानकारों की मानें, तो आदिवासी, जो वन एवं दुर्गम पहाड़ों पर निवास करते हैं, इनके पास व्यावहारिक सोच और सशक्त सांस्कृतिक विरासत है। आधुनिक विकास योजनाओं से देश को लाभ तो हुआ है, पर आदिवासी समाज को इसका सबसे अधिक खामियाजा भी भुगतना पड़ा है।

बांध निर्माण की वजह से सबसे अधिक इसी समाज के लोगों का पलायन हुआ है। एक हालिया आधिकारिक आंकड़े में बताया गया है कि बांध निर्माण में पलायन करने वालों में से 40 प्रतिशत भाग आदिवासी समूहों का है। इस समुदाय की जितनी चिंता हमारी व्यवस्था को करनी चाहिए थी, उतनी नहीं हुई है। ध्यान रहे, विदेशी व विध्वंसक शक्तियां देश के उस भाग को अपना निशाना बनाती हैं, जो कमजोर होता है और उस देश की मुख्यधारा से दूर होता है। हमारे देश में भी कुछ ऐसा ही हो रहा है। आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में विदेशी शक्तियों द्वारा प्रायोजित षड्यंत्र प्रभावशाली है। इस क्षेत्र के नागरिकों को विश्वास दिलाना होगा कि यह देश उनका भी है। स्थानीय प्रशासन से लेकर केंद्रीय शासन तक में उनका हस्तक्षेप दिखना चाहिए। अभी हम जिन सूक्ष्म आदिवासियों के 75 समूहों पर बात कर रहे हैं, उनको चिह्नित करने के लिए भारत सरकार ने एक मानदंड तय किया है। इसके तहत इन 75 आदिवासी समूहों में वे समूह आएंगे, जिनकी जनसंख्या लगातार घट रही है।

प्रारंभिक सरकारों ने इनके निवास स्थान पर ध्यान केंद्रित करने में रुचि नहीं दिखाई, फलस्वरूप ये विकास की दौड़ से अछूते रहे और बाहर हो गए। इन क्षेत्रों में मिशनरी गतिविधियां होती रहीं। बाद के दिनों में बड़ी परियोजनाओं के निर्माण में इनकी ही भूमि व निवास स्थल की आहूति दी गई। बची–खुची कसर उग्रवादी संगठनों के विस्तार ने पूरी की, जिन्होंने अपना ठिकाना इन्हीं क्षेत्रों में बनाया। विकास के हर चरण से यह समुदाय सर्वस्व होम करके बहुत लाभ में न रहा। भारत में जिस सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की बात होती रही है, उसके मूल में संस्कृति है और उस संस्कृति का मूल यही सूक्ष्म आदिवासी समूह हैं, जिनकी आस्था प्रकृति पूजा पर आधारित है। आज दुनिया जिस जलवायु परिवर्तन की समस्या से जूझ रही है, उसका समाधान भी इसी समाज के पास है।

गीत, संगीत और नृत्य के माध्यम से ये आदिवासी अपना ज्ञान अगली पीढ़ी को देते हैं। इसके लिए इनके पास एक संस्था भी होती है, जिसे घोटुल या धुमकुरिया के नाम से जाना जाता है। इस शैक्षणिक और सांस्कृतिक संस्था के अलग–अलग नाम हैं। रोजगार और कृषि कार्य की बारीकियों के लिए भी इन आदिवासियों ने अपने खुद के विज्ञान का सृजन कर रखा है। ऐसे में, इस समाज का विकास इनके मूल स्थान से और मूल संस्कृति से काटकर करना संभव नहीं होगा। इन्हें अपने मूल निवास पर रहने दिया जाए और वहीं हर प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्हें मिटाकर या छोड़कर आगे बढ़ने की नहीं, बल्कि साथ लेकर आगे बढ़ने की जरूरत है। वैसे, तुलनात्मक रूप से भारत में आदिवासियों का संरक्षण बेहतर ढंग से हुआ है और आबादी में उनका प्रतिशत 1951 की जनगणना के अनुसार 6.23 था, जो अब 8.6 फीसदी को पार कर रहा है। दूसरी ओर, अमेरिका में आदिवासियों की संख्या घटते–घटते तीन प्रतिशत भी नहीं रह गई है। हमें आदिवासियों की ताकत बनकर खड़े रहना चाहिए, वे हमारे देश की शक्ति भी हैं और खूबसूरती भी।

# सोचने का तरीका बदलती हैं किताबें

–जी.एस.नंदिनी–



कुछ लोग मानते हैं कि स्व–सहायता पुस्तकों से बहुत फायदे मिलते हैं, तो कुछ ऐसे लोग भी हैं जो इनसे दूर रहने की हिदायत देते हैं, क्योंकि उनका मानना है कि ये किताबें हमें 'झूठी आशा सिंड्रोम' के भ्रम में रखती हैं। सवाल है अंतिम रूप से हमारे लिए सही क्या है? क्या वाकई हमें इन किताबों को अपने आपको प्रेरित करने या सफल होने के लिए पढ़नी चाहिए या फिर झूठी आशाओं की बीमारी से बचने के लिए इनसे दूरी बनाकर रखनी चाहिए। अगर विस्तृत अध्ययनों के निष्कर्षों को देखें तो इन किताबों के पढ़ने के, हो सकता है कुछ नुकसान हों, हो सकता है कुछ लोग ओवर कॉन्फिडेंट हो जाते हों और इस चक्कर में भ्रम की दुनिया रच लेते हों। लेकिन ज्यादातर लोगों को इन किताबों को पढ़ने से कई तरह के फायदे होते हैं। सिर्फ कैरियर के मामले में ही नहीं, असाध्य बीमारियों से जूझने में और मानसिक परेशानियों से निपटने में भी इन किताबों का जबरदस्त योगदान होता है। ये किताबें हमें कैरियर के मामले में परीक्षाओं को पास करने के रास्ते सुझाती हैं, रणनीतियां बताती हैं, जिनके जरिये हम कठिन परीक्षाओं को क्रैक कर सकते हैं। हमारे हौसले को बनाये रखती हैं, जो न सिर्फ हमारी रुचियों को बरकरार रखने का जरिया होता है बल्कि हमें लगातार कुछ कर सकने के लिए प्रेरित करता है।

सबसे बड़ी बात, ऐसी किताबें खुद पर नियंत्रण करना सिखाती हैं। ये हमें अनुशासन में रहना सिखाती हैं। अगर मामला अपनी बीमारियों को जानने, समझने और स्व–चिकित्सा से हो तो ये किताबें हमें इतना संबल देती हैं कि हम इनके मुताबिक लंबे समय तक संघर्ष करके जटिल बीमारियों से भी पार पा सकते हैं। इसलिए अगर पढ़ने और न पढ़ने से मिलने वाले फायदों पर अंगुली रखना हो तो निश्चित रूप से न पढ़ने के मुकाबले ऐसी किताबों को पढ़ने के कई फायदे होते हैं।

इन किताबों को पढ़ने का फायदा इसलिए होता है, क्योंकि ये हमारी गलतियों को चिन्हित करती हैं। इनको पढ़कर हम जान पाते हैं कि आखिर हम गलतियां क्या कर रहे हैं और उनसे कैसे बच सकते हैं यानी ये किताबें हमें हमारी कमजोरियों को जानने–पहचानने में मदद करती हैं। इन किताबों को पढ़कर हम नया कुछ सीखने के लिए प्रेरित होते हैं, हमारी उम्र, हमारी भाषाई समझ, हमारा ज्ञान, हमारे लिए किसी तरह की बाधा नहीं बनता। ये हमें एक उत्साह देती हैं, जिससे हम किसी भी उम्र में कोई भी कौशल सीखने के लिए तैयार हो जाते हैं और जब सीखते हैं तो उसका फायदा मिलता है। ऐसी किताबें हमें दृढ़ बनाती हैं, समस्या का समाधान सुझाती हैं।

इन किताबों को पढ़ने का हमें एक बड़ा फायदा यह भी मिलता है कि हम उस अभ्यास के तौर–तरीके को जान पाते हैं, जो हमें आगे चलकर मदद करता है। ये हमें अपने प्रति ईमानदार बनाती हैं और अपना मूल्यांकन करने के लिए तरीका और पैमाने सुझाती हैं। निश्चित रूप से इन किताबों को पढ़कर हमें ज्ञान होता है, हमें हिम्मत आती है और हम नए तरीके से सोचने की कला सीख जाते हैं।

अगर मान लें कि इनमें से कुछ नहीं होता, तो भी निश्चित तौर पर एक बात यह होती है कि हमें इन किताबों के पढ़ने का कोई नुकसान नहीं होता। ये किताबें किसी बुरी संगत की तरह नहीं होती, जो हममें नकारात्मक असर डालें। अगर हम इनसे कुछ सीखते नहीं, तो यह भी तय है कि हम इन किताबों से कुछ खोते भी नहीं है, किसी तरह का हमारा कोई नुकसान नहीं होता। सबसे बड़ी बात यह है कि ये किताबें आमतौर पर 50 पेज से लेकर 200–250 पेज की होती हैं, जिन्हें आसानी से पढ़ा जा सकता है और पढ़ने में बहुत दिन भी जाया नहीं करने पड़ते।

लब्बोलुआब यह कि हमें ये किताबें इसलिए पढ़नी चाहिए कि ये हमें अपनी सीमाएं तोड़ना और नई सीमाएं गढ़ना सिखाती हैं। ये किताबें हमें व्यक्तिगत रूप से परियोजनाएं बनाना और उनमें अपने ढंग से आगे बढ़ना सिखाती हैं। जो काम कोई व्यक्ति, कोई इंस्टीट्यूट हजारों रुपये लेकर करेगा, वह काम ये किताबें बहुत मामूली सी कीमत महज कुछ सौ रुपये में कर देती हैं और आजकल तो ज्यादातर सेल्फ हेल्प बुक ऑनलाइन मुफ्त में उपलब्ध हैं या नाममात्र की कीमत पर। इसलिए न पढ़ने से बेहतर है ऐसी किताबें पढ़नी चाहिए, कुछ न कुछ फायदा ही मिलता है, जबकि नुकसान कुछ भी नहीं होता।

# स्वाधीनता की अंतर्निहित शक्ति को आत्मसात कर हो वैश्विक नेतृत्व

–संजीव ठाकुर–



**मूलतः हमें राष्ट्रीय अखंडता को बनाए रखने के लिए सांप्रदायिकता के विद्वेष, ईर्ष्या, जलन और सीमा तथा भाषाई विवाद से परे हटकर देश में अखंडता, सांप्रदायिक सद्भावना का एक शुद्ध वातावरण समाज में तैयार करना होगा, जिसके फलस्वरूप हम विकास की मुख्यधारा में अपना व्यक्तिगत योगदान राष्ट्र के प्रति दे संके। डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी ने कहा था कि ष्भारत संपूर्ण विश्व में एक अकेला ऐसा राष्ट्र है जहां मंदिरों ,मस्जिदों, गिरजाघरों और गुरुद्वारों का एक एकात्मक सह अस्तित्व कायम है। वर्तमान समय में वैश्विक स्तर पर आतंकवाद शांति सद्भावना एवं किसी भी राष्ट्र की अखंडता एकता एकरूपता के लिए सबसे बड़ा खतरा है।**

हमें स्वतंत्रता प्राप्ति के 75 वर्ष हो चुके हैं । हम स्वाधीनता का अमृत महोत्सव वर्ष मना रहे हैं पर इस अमृत महोत्सव के पीछे हमें यह नहीं भूलना है कि भारत देश अब एक स्वतंत्र, आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में वैश्विक स्तर पर ख्याति प्राप्त कर चुका है। अब समय आ गया है कि भारत के तमाम बुद्धिजीवियों,नौजवानों के वैज्ञानिकों और शिक्षित देशवासियों को वैश्विक नेतृत्व की ओर अग्रसर होने की क्षमता को द्विगुणित करना होगा और विश्व के एक प्रबल नेता की तरह हमें अपनी शक्ति प्रदर्शित करनी होगी। कई वर्षों की परतंत्रता के बाद अनेको जीवन का बलिदान देने और विभिन्न कठोर संघर्षों के बाद हमें स्वतंत्रता प्राप्त हुई है। इस स्वतंत्रता और स्वाधीनता के मूल्य और इसकी अंतर्निहित शक्ति को देश के नौजवानों,शिक्षित नागरिकों को आत्मसात कर इसे पहचानना होगास समाज के हर वर्ग की खून पसीने और पीढीयों के संघर्ष के बाद प्राप्त स्वतंत्रता को हमें देश की एकता, अखंडता एवं सामाजिक समरसता की शक्ति से चिरकाल तक स्थाई रूप से बनाए रखना है। स्वतंत्रता के महत्व को समझ कर भारत को वैश्विक स्तर पर श्रेष्ठतम मुकाम पर पहुंचाना होगा तब जाकर स्वाधीनता के सही मायने फलीभूत होंगे। हमें स्वतंत्रता संग्राम के संघर्ष और बलिदान को किसी भी क्षणों में नहीं भुलाना चाहिए, हमें हाथ में रखकर किसी ने परोस के स्वतंत्रता नहीं दी है, इसके लिए बहाये हुए खून पसीने को विस्मृत न कर के इस की आन बान शान को हमेशा ऊंचा रखना होगा। कभी स्वतंत्रता पर खतरा ना आए इसके लिए यह हमारे देश के दिग्दर्शकों को अपनी कर्मठ जिजीविषा से बनाए रखना होगा। स्वतंत्रता प्राप्त करने के बाद हमारी एकता, अखंडता एवं एकरूपता मजबूत हुई है, पर कतिपय राजनैतिक मंसूबों के कारण आज हम सांप्रदायिकता, क्षेत्रीयता, जातीयता और अलग–अलग भाषाओं के संघर्षों से गुजर रहे हैं। हम आज मंदिर ,मस्जिद, गुरुद्वारा और चर्च के विवाद को लेकर विवाद ग्रस्त हो जाते हैं । कभी हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू, पंजाबी,मराठी,तेलगु,और कभी असमी भाषा के असमंजस में फंस कर एक दूसरे का विरोध जताना शुरू कर देते हैं।

**मूलतः हमें राष्ट्रीय अखंडता को बनाए रखने के लिए सांप्रदायिकता के विद्वेष, ईर्ष्या, जलन और सीमा तथा भाषाई विवाद से परे हटकर देश में अखंडता, सांप्रदायिक सद्भावना का एक शुद्ध वातावरण समाज में तैयार करना होगा, जिसके फलस्वरूप हम विकास की मुख्यधारा में अपना व्यक्तिगत योगदान राष्ट्र के प्रति दे संके। डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी ने कहा था कि ष्भारत संपूर्ण विश्व में एक अकेला ऐसा राष्ट्र है जहां मंदिरों ,मस्जिदों, गिरजाघरों और गुरुद्वारों का एक एकात्मक सह अस्तित्व कायम हैष। वर्तमान समय में वैश्विक स्तर पर आतंकवाद शांति सद्भावना एवं किसी भी राष्ट्र की अखंडता एकता एकरूपता के लिए सबसे बड़ा खतरा है।** आतंकवादी कभी अमेरिका और कभी भारत के दिल्ली, मुंबई और अनेक प्रदेशों को अपना निशाना बनाकर आतंक फैलाने का प्रयास करते हैं और आतंकवाद ने कई राज्यों में अपार जनहानि तथा संपत्ति की क्षति पहुंचाई है। इसके अतिरिक्त अलगाववादियों ने भी राष्ट्रीय एकता अखंडता को भंग करने का पुरजोर प्रयास किया है। राजनीतिक पार्टियों के मंसूबों तथा उनकी महत्वाकांक्षाओं के कारण भी अलग–अलग जातियों संप्रदाय तथा पूजा के पवित्र स्थानों को लेकर समाज को अलग करने का बीजारोपण भी किया है। राजनीतिक पार्टियों के चंद राजनेता वोट बैंक बनाने के लिए कभी अल्पसंख्यकों में अलगाव के बीच बोलने का प्रयास करते हैं। कभी आरक्षण के नाम पर पिछड़े वर्गों को देश की मुख्यधारा से बहकाने का प्रयास करते हैं, और कभी किसी विशेष जाति प्रांत या भाषा के हकदार बन कर देश की एकता, अखंडता को खंडित करने का पुरजोर प्रयास करते हैं। यह अत्यंत निंदनीय एवं चिंतनीय सामाजिक पहलू है, जिस संदर्भ में हमें गहन विचार करने की आवश्यकता भी है। सामाजिक स्तर पर हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई एवं अन्य वर्ग सुचारू रूप से भाईचारे में अखंड विश्वास रखते हैं एवं सामान्य जीवन करने में विश्वास रखते हैं। पर राजनैतिक मंसूबों के कारण कुछ राजनेता इन सभी संप्रदायों को आपस में लड़वाकर अपना उल्लू सीधा करने का प्रयास करते हैं। पर यह एक अत्यंत विचारणीय पहलू है कि राष्ट्रीय अखंडता एकता तथा सहयोग को बनाए रखने के लिए केवल राजनेता या प्रशासनिक अधिकारियों का कार्य न होकर हम सबका यह कर्तव्य भी है कि हमें एकजुट होकर राष्ट्र सर्वोपरि की भावना को सदैव बनाए रखने का सतत प्रयास करना चाहिए। हम यदि ऐतिहासिक रूप से देखें की अनेक धर्मो जातियों और अनेक भाषाओं वाला भारत देश पूर्व में अनेक विसंगतियां के बावजूद सदैव एकता के सूत्र में बंधा रहा है। भारत देश में पूर्व में भी अनेक विदेशी जातियां आई और धीरे–धीरे भारत की मूल धारा में समाहित होती गई। भारत में आगमन के साथ इन्हीं जातियों की परंपराएं, विचारधाराएं, संस्कृति, संस्कार भारत की मुख्य धारा में एक रूप हो गई और भारत की सांप्रदायिक सौहार्द की भावना आज भी वैसी की वैसी ही है। भारत के जिम्मेदार नागरिक होने के कारण हमारी बड़ी नैतिक जिम्मेदारी है कि हम इस देश की अखंडता एकता समरूपता और परंपरा को मजबूत बनाकर विश्व के सामने एक मिसाल के रूप में पेश करें। यह सार्वभौमिक सत्य है कि कोई देश यदि संगठित एक रूप और शक्तिमान होता है तो सारा विश्व उसकी इस ऊर्जा शक्ति को चिन्हित कर उसका सम्मान करता है। और उस पर आक्रमण या किसी भी तरह के प्रतिबंध लगाने से भयभीत रहता है। जब तक हम एकता के सूत्र में बंधे तब तक हम मजबूत एवं शक्तिशाली हैं और जब हम खंडित या विघटित हुए तब तब देश कमजोर हुआ है। अब हमें इन विघटनकारी ताकतों और विध्वंस कारी शक्तियों को नियंत्रण में लाकर इन्हें देश से बाहर भगाना होगा और इन पर प्रभावी नियंत्रण कर के देश की संप्रभुता एकता को बनाए रखना होगा। इसके लिए देश के संचार माध्यम, मीडिया, साहित्यकारों, कलाकारों को राष्ट्रीय एकता के लिए अपने को समर्पित भाव से सामने लाकर देश की सेवा करनी होगी।

संजीव ठाकुर, स्तंभकार,चिंतक, लेखक, रायपुर छत्तीसगढ़, 9009 415 415,

# डबल इंजन की सरकार यहां भी है वहाँ भी

–निर्मल रानी–



विगत दस वर्षों से भारतीय राजनीति में कई 'नवगढ़ित' शब्दों ने राजनैतिक शब्दावली में अपनी जगह बनाई है। ऐसा ही एक शब्द है 'डबल इंजन की सरकार '। यानी जिस दल की केंद्र में सरकार उसी दल की सरकार का राज्य में भी होना। और यदि 'डबल इंजन की सरकार ' बन भी जाये तो भी सत्ताधीशों की हवस यहीं खत्म नहीं होती। बल्कि फिर यह 'ट्रिपल इंजन की सरकार ' की बात भी करने लग जाते हैं। यानी इनकी इच्छानुसार स्थानीय निकाय से लेकर दिल्ली की संसद तक हर जगह एक ही दल का परचम लहराये। हालांकि स्वस्थ लोकतंत्र की पहचान जहाँ एक मजबूत सरकार होती है वहीँ मजबूत विपक्ष भी उस मजबूत सरकार को नियंत्रित रखने के लिये जरूरी समझा जाता है। परन्तु 2014 में नरेंद्र मोदी के केंद्रीय सत्ता में आने के बाद विपक्ष विहीन लोकतंत्र स्थापित करने की कोशिश की जा रही है और राज्यों में यह माहौल पैदा किया जा रहा है कि केवल डबल इंजन की सरकार ही किसी राज्य को तरक्की के रास्ते पर ले जा सकती है। दुर्भाग्यवश ऐसी भी कई मिसालें हैं जहाँ भाजपा चुनाव परिणामों में तो कई राज्यों में सत्ता में नहीं आ सकी परन्तु उसने खरीद–फरोख्त कर या डरा धमका कर या फिर लोभ लालच देकर यानी येन केन प्रकारेण डबल इंजन की अपनी सरकार बना डाली।

पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्य प्रदेश के झाबुआ के गोपालपुरा में जनजातीय समुदाय के सम्मेलन को संबोधित करते हुये अनेक विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया व अनेक योजनाओं का शिलान्यास भी किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने जहां सरकार की अनेक योजनाओं का जिक्र किया वहीं उन्होंने बड़े गर्व के साथ यह भी बताया कि – 'मध्यप्रदेश देश के सामने सर्वश्रेष्ठ उदाहरण है कि डबल इंजन की सरकार कैसे काम करती है'। यहां एक अहम सवाल यह उठता है कि नरेंद्र मोदी स्वयं जब 2001 से लेकर प्रधानमंत्री बनने से पहले यानी 2014 तक गुजरात के मुख्यमंत्री थे उस दौरान उनके शुरुआती मुख्यमंत्रित्व काल में ही यानी 2004 तक ही केंद्र में अटल बिहारी वाजपेई के नेतृत्व वाली एन डी ए सरकार सत्ता में थी। यह वही वाजपेई काल था जब 2002 के गुजरात नरसंहार के बाद वाजपेई ने मोदी को राजधर्म निभाने का उपदेश दिया था और गुजरात की बेलगाम हिंसा से आहत होकर कहा था कि श्मैं दुनिया को क्या मुंह दिखाऊंगा ? श जबकि उसके बाद 2014 तक यानी दस वर्षों तक तो केंद्र में कांग्रेस के नेतृत्व वाली यू पी ए सरकार सत्ता में थी। परन्तु नरेंद्र मोदी ने इसी दौरान गुजरात में वाइब्रेंट गुजरात और इन्वेस्टर्स मीट आयोजित किये तथा उद्योग व पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने का प्रयास किया। यहाँ तक कि गुजरात के उसी कथित विकास मॉडल को लेकर 2013 में चुनाव प्रचार के दौरान यह भी कहते सुने गये कि केंद्र में सत्ता में आने के बाद पूरे देश में गुजरात मॉडल लागू करेंगे।

**गोया नरेंद्र मोदी के अनुसार गुजरात ने उनके कार्यकाल में ही विकास की अभूतपूर्व इबारत लिखी। सवाल यह कि जब राज्य में उस समय डबल इंजन की सरकार नहीं थी तो गुजरात का विकास बिना केंद्र सरकार के सहयोग के कैसे संभव हुआ ? दिल्ली व पंजाब सहित उड़ीसा,दक्षिण भारत व पूर्वोत्तर के कई राज्य इस समय भी गैर भाजपाई सरकारें चला रहे हैं। क्या वहां विकास नहीं हो पा रहा ? और इस बात की भी क्या गारंटी है कि डबल इंजन की सरकार ही विकास कर सकती है ? यदि वे मध्य प्रदेश की सरकार को देश के सामने सर्वश्रेष्ठ उदाहरण बताते हुये यह कहते हैं कि डबल इंजन की सरकार ही विकास का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण बन सकती हैश तो उन्हें मणिपुर का भी उदाहरण जरूर देना चाहिये जहाँ डबल इंजन की भाजपा सरकार के रहते हुए ही वह सब कुछ हुआ जो स्वतंत्र भारत के इतिहास में अब तक किसी भी राज्य में नहीं हुआ।** शायद छोटा व दूरस्थ पहाड़ी राज्य होने के नाते मणिपुर की हिंसा पर न ही प्रधानमंत्री ने कोई बयान दिया न ही राज्य के मुख्यमंत्री ने त्यागपत्र दिया ? वहां तो राज्य के भाजपाई मंत्रियों विधायकों संसद व अन्य भाजपा नेताओं के घरों तक को आग लगा दी गयी ? उस समय डबल इंजन की सरकार ने मूकदर्शक बने रहने के सिवा और कौन सा तीर मार दिया ?

इसी तरह उत्तरांचल में डबल इंजन की सरकार बनी है। वहां की हल्द्वानी की घटना सबके सामने है। हरियाणा में डबल इंजन की सरकार है, यहां भी मेवात के नूह क्षेत्र में कुछ माह पूर्व हुई भयंकर हिंसा और उसके बाद हुई इकतरफा कार्रवाई व बुलडोजर आतंक पूरे देश ने देखा। राजस्थान में कुछ दिनों पूर्व ही डबल इंजन की सरकार बनी है। वहां भी हिजाब से लेकर खाद्य सामग्री तक पर चर्चा शुरू हो गयी। उत्तर पदेश के मुख्य मंत्री को तो श्बुलडोजर बाबाश की उपाधि ही मिल चुकी। असम की डबल इंजन सरकार साम्प्रदायिकता को कैसे बढ़ावा दे रही है,सभी देख रहे हैं। गोया डबल इंजन की सरकार के रहते विकास हो या न हो परन्तु भाजपा का गुप्त साम्प्रदायिक एजेंडा जरूर लागू होने लगता है। कांग्रेस ने तो कभी भी इसतरह का गैर लोकतान्त्रिक राजनैतिक विमर्श नहीं छेड़ा कि राज्य के विकास के लिये श्डबल इंजनश की सरकार होनी ही जरूरी है ? परन्तु भाजपा के वरिष्ठतम नेताओं द्वारा प्रत्येक राज्यों के चुनाव के समय श्डबल इंजन की सरकारश का राग अलापने का तो यही अर्थ है कि इन्हें क्षेत्रीय राजनीति,क्षेत्रीय राजनैतिक दलों व क्षेत्रीय हितों की फिक्र नहीं बल्कि अपने समग्र अघोषित एजेंडे को लागू करने के लिये ही 'डबल इंजन की सरकार' का राग आलापने की जरूरत महसूस होती है। अन्यथा यदि केवल 'डबल इंजन की सरकार' ही विकास की जमानत होती तो न गुजरात तरक्की करता न महाराष्ट्र न पंजाब व हरियाणा जैसे राज्य। लिहाजा बेहतर होता यदि प्रधानमंत्री केवल मध्य प्रदेश को ही डबल इंजन की सरकार के काम करने का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण न बताते बल्कि साथ ही डबल इंजन की सरकार की घोर विफलता के रूप में मणिपुर का भी नाम जरूर लेते क्योंकि डबल इंजन की सरकार तो यहां भी है वहाँ भी ?

# सड़क दुर्घटना में दो सगे भाईयों की मौत, तीन घायल

संवाददाता—श्रावस्ती। इकौना थाने के तिवारीपुरवा मनोहरापुर निवासी अजय कुमार उर्फ ननके तिवारी परिजनों के साथ गुरुवार सुबह अयोध्या दर्शन के लिए जा रहे थे। गोण्डा जिले के आर्यनगर के पास कोहरे के कारण सामने से आ रहे ट्रक से भीषण टक्कर हो गई। जिसमें दो सगे भाईयों की मौत हो गई। जबकि तीन अन्य घायल हैं। जिसमें से एक को लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया है। इकौना थाने के तिवारीपुरवा मनोहरापुर सांवल प्रसाद के पुत्र अजय कुमार उर्फ ननके तिवारी उम्र करीब 45 साल, सुनील कुमार उर्फ पप्पू उम्र करीब 35 साल अपने रिश्तेदार उदईपुर निवासी शिवम मिश्रा पुत्र राम किशन मिश्रा तथा सौरभ तिवारी पुत्र परीक्षित तिवारी उम्र करीब आठ वर्ष निवासी मटेरिया बलरामपुर निवासी के साथ गुरुवार सुबह अयोध्या के लिए अपनी बोलेरो गाड़ी से निकले थे। बोलेरो को मनोहरापुर के मजरा बंदरहवा निवासी बजरंगी पुत्र लल्लन चला रहा था। सुब घने कोहरे के कारण गोण्डा जिले के आर्यनगर पेट्रोल पम्प के पास बोलेरो सामने से आ रहे ट्रक से टक्कर हो गई। इससे बोलेरो सवार सभी पांच लोग गंभीररूप से घायल हो गए। पुलिस ने सभी घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। लेकिन चिकित्सकों ने अजय कुमार और सुनील कुमार दोनों सगे भाईयों को मृत घोषित कर दिया। जबकि चालक बजरंगी और शिवम को लखनऊ के लिए रेफर कर दिया।

# पार्ट टाइम जाब का झांसा देकर 37 लाख की ठगी

संवाददाता—देवरिया। बरियारपुर थाना क्षेत्र के एक पेट्रोल पंप के मैनेजर से जालसाजों ने पार्ट टाइम जॉब का झांसा देकर अलग—अलग तिथियों में 37 लाख रुपये की ठगी कर लिया। मैनेजर ने अपना रुपया विड्राल के लिए दबाव बनाया तो जालसाजों ने 17 लाख रुपये की और मांग कर दी। ठगी का एहसास होने पर मैनेजर ने एसपी को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग किया है। एसपी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए साइबर सेल को इसकी जांच सौंप दी है। साइबर सेल ने पैसे भेजे गए खातों को होल्ड कर दिया है। टीम ठगों का सुराग लगाने में लगी हुई है।

सलेमपुर कोतवाली क्षेत्र के मलहचक गांव के रहने वाले अम्बरीश यादव पुत्र बद्री यादव बरियारपुर थाना क्षेत्र के करौंदी स्थित एक पेट्रोल पंप पर मैनेजर का काम करते हैं। 20 जनवरी 2024 को मोबाइल के टेलीग्राम मैसेजिंग एप पर एक मैसेज आया। उसके बाद एक व्यक्ति ने फोन कर पार्ट टाइम जॉब के बारे में बताया। मैनेजर ने इंकार कर दिया। इसके बावजूद उस नम्बर से कई बार मैसेज और फोन आने लगे। जालसाजों ने अम्बरीश को समझाते हुए जॉब के लिए हामी भरवा ली। इसके बाद जालसाजों ने एक लिंक भेजा, जिसे मैनेजर ने डाउनलोड कर लिया। ठगों ने उन्हें समझाया कि पार्ट टाइम जॉब में हवाई टिकट बुक कराना है। ऐसे टिकट की बुकिंग पर उन्हें कमीशन मिलेगा। इस क्रम में उनसे टिकट बुक करा कर उसका कमीशन भी उनके खाते में भेज दिया गया। इसके बाद उन्हें बताया गया कि पूरा कमीशन उन्हें एक साथ मिलेगा। एडवांस हवाई टिकट बुकिंग के नाम पर मैनेजर से जालसाजों ने धीरे—धीरे कुल 37 लाख रुपए जमा करा लिए। इसके बाद अम्बरीश ने कमीशन की डिमाण्ड की तो जालसाजों ने कहा कि टिकट बुकिंग के लिए 17 लाख और भेज दिजिए इसके बाद सारा कमीशन खाते में चला जाएगा। इसके बारे में युवक ने अपने एक मित्र को बताया तो उसने रुपये भेजने से मना कर दिया। ठगी का एहसास होने के बाद अम्बरीश यादव ने एसपी को घटना के बारे में पूरी जानकारी दिया। एसपी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए इसकी जांच साइबर सेल को सौंप दिया। साइबर सेल ने पीड़ित द्वारा जमा किए गए खातों को होल्ड करा दिया। जिससे खाते में जमा रुपये की निकासी न हो सके। पुलिस टीम जालसाजों के गिरोह तक पहुंचने के प्रयास में जुटी है।

# खरगूपुर में जानलेवा हमले में चार लोग घायल

संवाददाता—गोण्डा। मांगलिक कार्यक्रम से लौट रहे वाहन सवारों पर कुछ लोगों ने हॉकी, लोहे की रॉड और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। इसमें चार लोग घायल हो गये और वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस ने दो नामजद व अन्य अज्ञात लोगों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना क्षेत्र के अचलनगर निवासी कपिलदेव सिंह बुधवार की रात को दो गाड़ियों से अपने गांव से गोंडा जा रहे थे। आरोप है कि खरगूपुर पहुंचने पर ओझा आटा चक्की के पास कुछ लोगों ने गाड़ी पर पत्थर से हमला कर दिया। कहासुनी होने पर नमन ओझा, आकाश ओझा व अन्य कई लोगों ने लोहे की रॉड, हॉकी और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। हमले में गाड़ी में बैठे आयुष द्विवेदी, किशन सोनी, शिखर सिंह और आशु गुप्ता घायल हो गये। पीड़ित जान बचाने के लिए थाने की तरफ भागे और पुलिस को फोन किया। पुलिस के पहुंचने पर हमलावर भाग निकले। पीड़ितों का आरोप है कि हमलावर नशे में थे। थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर नमन ओझा, आकाश ओझा पुत्रगण विनोद ओझा व अन्य अज्ञात लोगों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर घायलों को सीएचसी भिजवाया गया है।


# विकास के क्षेत्र में बलरामपुर मंडल में रहा अव्वल, राजस्व में गिरी रैंकिंग

संवाददाता—बलरामपुर। सरकारी योजनाओं को लागू कर विकास को रफ्तार देने में बलरामपुर जिला देवीपाटन मंडल में अव्वल रहा है। आकांक्षात्मक जनपद में शामिल होने के बाद यहां लगातार विकास के नए आयाम स्थापित किए जा रहे हैं। इसी का परिणाम रहा है कि प्रदेश सरकार के दर्पण डैशबोर्ड पर जनवरी की रैंकिंग में बलरामपुर प्रदेश की सूची में 45वें स्थान पर रहा। इसमें सिर्फ विकास की बात करें तो जनपद का 16वां व मंडल में पहला स्थान है। हालांकि राजस्व में 68वें पायनदार पर पहुंचकर फिसड्डी साबित हुआ है। इसी कारण प्रदेश में जनपद की समग्र रैंकिंग प्रभावित हुई है।

आकांक्षात्मक जनपद की सूची में शामिल होने के बाद जिले का पिछड़ापन दूर करने के लिए सरकारी योजनाओं को लागू कर पात्रों को लाभ दिया जा रहा है। इसमें जनपद के चतुर्दिक विकास की बात करें तो जुलाई 2023 में देश की टाप—10 सूची में उत्तर प्रदेश के छह जनपदों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई थी। इसमें देवीपाटन मंडल के बलरामपुर ने पहला व बहराइच ने नौवां स्थान प्राप्त किया था। प्रदेश सरकार के दर्पण डैशबोर्ड पर जनवरी की रैंकिंग में भी विकास के मामले में बलरामपुर का प्रदर्शन बेहतरीन रहा। विकास में जनपद 10 में से 8.49 अंक पाकर 16वें स्थान पर रहा। देवीपाटन मंडल के श्रावस्ती को 8.39 अंक के साथ 22वीं, बहराइच को 8.33 अंक से 30वीं व गोंडा को 8.05 अंक के साथ 49वीं रैंक मिली। इसी तरह विकास में जनपद पूरे मंडल में अव्वल रहा।

# सांड ने वृद्धा को पटक—पटककर मौत के घाट उतारा





संवाददाता—बहराइच। पयागपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में बृहस्पतिवार की सुबह नित्यक्रिया के लिए निकली बुजुर्ग महिला पर सांड ने हमला कर दिया। सांड ने वृद्धा को तब तक पटका जब तक उनकी मौत नहीं हो गई। हमले की सूचना पर रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंचे और घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पयागपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पिपरिया के मजरा हटवा गोपाल निवासी सावित्री (70) बृहस्पतिवार की सुबह लगभग पांच बजे नित्य क्रिया के लिए घर से निकली थी। इसी दौरान रास्ते में एक निराश्रित सांड ने उनके ऊपर हमला कर दिया। सांड ने वृद्धा को कई बार उठा—उठा कर पटका, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हमले की जानकारी होने पर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने डंडा फटकार कर सांड को भगाया। मौत की सूचना पर सावित्री के घर में कोहराम मच गया। परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर थाना प्रभारी कमलशंकर चतुर्वेदी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया। थाना प्रभारी ने बताया कि सांड को पकड़ने की कार्रवाई की जा रही है। इस संबंध में उच्चाधिकारियों को सूचना दे दी गई है।

सांड के हमले में वृद्धा की मौत के बाद से ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सांड पूर्व में कई ग्रामीणों पर हमला कर उन्हें घायल कर चुका है। जिसको लेकर कई बार खंड विकास अधिकारी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की गई थी। लेकिन सांड के हिंसक होने की सूचना देने के बाद भी बीडीओ ने सांड को पकड़वाने की कार्रवाई नहीं की और एक बुजुर्ग की जान चली गई।

# कांग्रेस शिक्षक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष समर्थकों समेत भाजपा में शामिल

संवाददाता—बलरामपुर। विभिन्न पार्टियों से लगभग तीन दर्जन से अधिक लोगों ने गुरुवार को तुलसीपार्क स्थित अटल भवन कार्यालय पर पूर्व मंत्री व सदर विधायक पल्टूराम एवं भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह के नेतृत्व में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। लोगों ने भाजपा की नीतियों व विचारों से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल हुए।

अटल भवन कार्यालय पर शिक्षक प्रकोष्ठ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मधुकर सिंह, अपना दल एस के जिला महासचिव चंद्रिका प्रसाद चौहान, समाजवादी पार्टी के लोहिया वाहिनी पूर्व जिलाध्यक्ष शिव प्रसाद चौधरी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनीष शुक्ला व दिलीप मौर्या ने लगभग तीन दर्जन से अधिक लोगों के साथ भाजपा पार्टी में शामिल हुए। सदर विधायक पल्टूराम ने कहा कि भाजपा के पास नीति भी है व विचारधारा भी। भारतीय जनता पार्टी का जनाधार दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी अब पूरी तरह से खोखली हो चुकी है। कांग्रेस पार्टी के पास न तो अब कार्यकर्ता बचे हैं और न ही जनाधार। आने वाले लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी 400 सीटों पर जीत हासिल करेगी। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष बृजेन्द्र तिवारी, जिला महामंत्री वरुण सिंह मोनू, जिला मंत्री अवधेश तिवारी तरुण, जिला कार्य समिति सदस्य महेश शुक्ला बच्चा, मनीष त्रिपाठी, अंशुमान शुक्ला, आलोक रंजन पाण्डेय, अवधेश पाण्डेय सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# दहेज उत्पीड़न में चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

संवाददाता—गोण्डा। दहेज के लिए विवाहिता को प्रताड़ित करने वाले सास, ससुर, पति व अन्य के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न, जान से मारने की धमकी सहित अन्य धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है। थाना कोतवाली नगर गोंडा के सतई पुरवा निवासी विजय कुमार पुत्र बजरंग लाल ने थाने पर प्रार्थना पत्र दिया है। इसके मुताबिक उसने अपनी बेटी सिमरन की शादी दो वर्ष पूर्व आर्यनगर के पृथ्वीनाथ रोड निवासी विकास जायसवाल पुत्र ठाकुर प्रसाद के साथ की थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुरालवाले गाड़ी और रुपये की मांग को लेकर उसकी लड़की को प्रताड़ित करने लगे। बुधवार को जब वह उनके घर बीच बचाव के लिए गया तो सास सरोजा देवी, पति विकास, ससुर ठाकुर प्रसाद और विशाल जायसवाल ने उस पर हमला कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। आरोप लगाया है कि पैसा और गाड़ी नहीं मिला लड़की की विदाई नहीं कराएंगे। थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि चारो आरोपियों के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न सहित अन्य मामलों में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# बदहाल भवन में चल रहा होम्योपैथिक अस्पताल

संवाददाता—श्रावस्ती। लोगों को स्थानीय स्तर पर होम्योपैथिक चिकित्सा मुहैया कराने के लिए राजकीय होम्योपैथिक अस्पताल खोले गए हैं। कई अस्पताल ऐसे हैं जो आज भी किराए के मकान में संचालित हो रहे हैं तो कई अस्पताल ऐसे भी हैं जिसके भवन बदहाल हैं। विकास क्षेत्र जमुनहा के ग्राम पंचायत हरदत्त नगर में संचालित राजकीय होम्योपैथिक अस्पताल की हालत भी बेहद खराब है। यह भवन स्थापना से लेकर आज तक किराए के भवन में चल रहा है। अस्पताल को खुद का भवन नसीब नहीं हो सका है। इतना ही नहीं जिस किराए के भवन में अस्पताल चल रहा है वह भी बेहद जर्जर हालत में है। अस्पताल के एक कमरे को छोड़ सभी कमरों में खिड़की गायब है और बरामदे में दरवाजा तक नहीं है। न तो चिकित्सकों व और न ही अन्य कर्मियों के यहां रहने की व्यवस्था है। इसके अलावा यहां मरीजों व तीमारदारों के बैठने की व्यवस्था तक नहीं है। अस्पताल के आगे गंदा पानी बह रहा है। इससे गंदगी पसरी हुई है। लोगों का कहना है कि अस्पताल की हालत बेहद खराब होने के कारण यहां जरूरी सेवाओं का लाभ लोगों को नहीं मिल रहा है। क्षेत्र के असगर अली, रमेश कुमार यादव, कृपा राम यादव, राजेश कुमार, राजेश कुमार सिंह, बलवान, पहलवान खां, संतोष कुमार गुप्ता आदि लोगों ने राजकीय होम्योपैथिक अस्पताल का भवन बनवाने जाने की मांग की है।

# कोहरे में ह्यूम पाइप लेकर जा रहा टेलर हुआ अनियंत्रित, मची अफरा—तफरी



संवाददाता—देवरिया। घने कोहरे के बीच ह्यूम पाइप लेकर जा रही एक टेलर मोड़ पर मोड़ते समय अनियंत्रित हो गया। यह देख फोरलेन पर अफरा—तफरी मच गई। किसी तरह टेलर गड्ढे में गिरने से बचा और बड़ा हादसा टल गया। गोरखपुर क्षेत्र के मोतीराम अड्डा से ह्यूम पाइप को लेकर चालक परमेश्वर यादव जा रहा था। सलेमपुर— देवरिया मार्ग पर परसिया मिश्र से बाई ओर भटनी जाने वाले मार्ग पर मोड़ पर मोड़ते समय घने कोहरे के कारण टेलर अनियंत्रित हो गया।। मोड़ पर आगे करीब 10 फीट गहरा गड्ढा होने के कारण बड़ा हादसा हो सकता था।

ह्यूम पाइप से वाहन लोड होने के कारण ड्राइवर के कुशलता पूर्वक ब्रेक लगा देने के बाद वाहन पीछे नहीं हो पा रही थी। आगे बढ़ने पर वाहन के गड्ढे में गिरने का डर था। चालक ने अपने मालिक एवं धोबी छापर ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान को सूचना दिया। मौके पर मलिक क्रेन एवं हाइड्रा लेकर पहुंचे। क्रेन की सहायता से वाहन को पीछे खींचकर निकाला गया। इस दौरान फोरलेन पर काफी देर तक अफरा—तफरी मची रही।

# सीबीएसई बोर्ड के बने तीन केंद्र, आज से शुरू होंगी परीक्षाएं

संवाददाता—बहराइच। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की दशवीं व बाहरवीं की परीक्षाओं को लेकर जिले में तीन परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इनमें एक केंद्र पर शुक्रवार सुबह दशवीं की परीक्षा होगी। अन्य केंद्रों पर कल यानि शनिवार से दोनों कक्षों की परीक्षाएं शुरू हो जाएंगी। इसको लेकर सभी केंद्रों पर परीक्षा सीट प्लानिंग को अंतिम रूप दे दिया गया है। सुरक्षा को लेकर भी कड़े प्रबंध किए गए हैं।


जिले में सीबीएसई के 11 विद्यालयों का संचालन हो रहा है। इन विद्यालयों के दशवीं व बाहरवीं के परीक्षार्थियों के लिए तीन परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। संत पथिक विद्यालय में डिवाइन ग्रेस पब्लिक स्कूल, बुद्धा पब्लिक स्कूल, जवाहर नवोदय विद्यालय, एपेक्स इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों का सेंटर बनाया गया है। जवाहर नवोदय विद्यालय में जयपुरिया स्कूल, ग्लोबल लर्निंग, राजा रणजीत सिंह, पायनियर व रेयान पब्लिक स्कूल का सेंटर रहेगा। सेठ एमआर जयपुरिया में संत पथिक विद्यालय व एम्स इंटरनेशनल स्कूल के दशवीं व बारहवीं के बच्चे परीक्षा देंगे। 16 को सिर्फ संत पथिक में दशवीं फिजिकल एक्टिविटी ट्रेनर की परीक्षा होगी। इसमें 77 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। अन्य दो केंद्रों पर शनिवार को बारहवीं के परीक्षार्थियों की हिंदी विषय की परीक्षा होगी। बोर्ड परीक्षा को लेकर तीनों केंद्रों पर सीसी कैमरे, सीट प्लान संग परीक्षा से जुड़ी अन्य औपचारिकताओं को पूरा किया गया, ताकि परीक्षा शुरू होने पर कोई दिक्कत पैदा न हो।

परीक्षा समाप्त होने के तत्काल बाद कड़ी सुरक्षा में केंद्रों से उत्तर पुस्तिकाओं के बंडल सीधे डाकघर पहुंचेंगे। जिन वाहनों में बंडल व प्रश्नपत्रों को लाया ले जाएगा। बोर्ड की ओर से ऐसे वाहनों को जीपीएस से लैस करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि वाहनों का लोकेशन ट्रेस किया जा सके।

# रामचरितमानस में छः प्रकार के यज्ञों का वर्णन –देवमुरारी बापू

—भारतीय बस्ती संवाददाता—

अयोध्या। श्री राम नगरी में चल रहे 2121 कुंडीय श्री राम महायज्ञ जो भगवान श्री राम जी के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के उपलक्ष में कराया जा रहा है, यज्ञ में कथा मंच से आचार्य देवमुरारी बापू ने साकेत वासी कनक बिहारी यज्ञ सम्राट को मंच से श्रद्धांजलि के रूप में उनके कृतित्व उनके और उनके दृढ़ संकल्प को बताया, कि जो मध्य प्रदेश के समस्त रघुवंशी समाज को जोड़कर अयोध्या में ऐतिहासिक यज्ञ करने का कार्य किए है। उन्हीं के शिष्य यज्ञ करता श्याम दास लखन दास छोटे बाबा परिश्रम कार्य यज्ञ को सफल बनाने में लगे हुए हैं, यदि संत दृढ़ संकल्प ले तो कोई भी कार्य ऐसा नहीं है जो संभव हो, योगी का संकल्प संसार में सबसे प्रसिद्ध है, संत हमेशा परोपकार के लिए जीवन जीते हैं और परोपकार के लिए कार्य करते हैं संतों की ऐसी मान्यता है कि 18 पुराण और व्यास जी का वचन है संत की मन वचन कर्म से परोपकार के लिए कार्य करते हैं पृथ्वी पर पांच परोपकारी माने जाते हैं। संत



बिटप सरिता गिरी धरनी, पर हितलाग सबन्ह करनी। चौपाई रामचरितमानस की उदाहरण देते हुए विश्वामित्र जी की दृढ़ संकल्प सुनाया जिन विश्वामित्र जी ने विश्व की मित्र की भावना को रखते हुए यज्ञ में सुबाहु मारीच जब परेशान करने लगे तो भगवान श्री राम लक्ष्मण को बक्सर अपने आश्रम पर ले आए आता ताइयो को दंडित कराया और यज्ञ को संपन्न कराया, संत केवल यज्ञ करते ही नहीं है। दूसरे के यज्ञ को भी संपन्न करते हैं रामचरितमानस में छह प्रकार के यज्ञ का वर्णन किया गया है जिसमें तीन यज्ञ पूरे हुए हैं और तीन यज्ञ पूरे नहीं हुई, क्योंकि उन यज्ञ की भावनाएं और हवन सामग्री दूषित थी रावण का मेघनाथ का और दक्ष का यज्ञ सफल नहीं हुआ यज्ञ से सतयुग त्रेता युग, द्वापर और कलयुग तक की महिमा बताई कि यदि सच्चे मन से यज्ञ में आहुति दी जाए तो सारे मनोरथ पूर्ण होते है, इसी का एक उदाहरण है अयोध्या के पास मखौड़ा में वशिष्ठ जी महाराज ने पवन यज्ञ कराया और पृथ्वी का उद्धार करने वाले मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम का उसे यज्ञ से जन्म हुआ जिसको पुत्रेष्टि यज्ञ के नाम से जानते हैं, यज्ञ की महिमा समस्त श्रोताओं और यजमानों को सुनाई तो यजमान लोग भाव विभोर हुए और दृढ़ संकल्प लिया कि जब कभी ऐसा मौका मिलेगा तो यज्ञ और सत्संग में भाग जरूर लेंगे।

कथा में प्रमुख यजमान मुनिराज पटेल, मंच संचालक रामनरेश, देवेंद्र सिंह, जीवन सिंह, निरंजन सिंह, दान सिंह ,चक्रपाल सिंह, कपिल रघुवंशी, वीर सिंह, घनश्याम सिंह आदि मौजूद रहे।

# नशे के सौदागर को दो वर्ष की सजा

संवाददाता—गोण्डा। अपर सत्र न्यायाधीश डॉ. दीनानाथ ने नशे के सौदागर को दो वर्ष की कैद और 20 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड की अदायगी न करने पर उसे एक माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। विशेष लोक अभियोजक अनुपम शुक्ला के अनुसार थाना मोतीगंज अंतर्गत ग्राम पड़ेनिया मौजा कोरहे निवासी घनश्याम पुत्र मंगल प्रसाद के विरुद्ध थानाध्यक्ष ने इस संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के मुताबिक गश्त के दौरान संदिग्ध प्रतीत होने पर उन्होंने एक व्यक्ति को रोककर तलाशी ली। इसमें उसके पास से एक किलो सौ ग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने मद्य निषेध अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर प्रकरण की विवेचना करने के बाद आरोप पत्र अदालत पर भेज दिया। अदालत ने अभियोजन व बचाव पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलों को सुना तथा पत्रावली में उपलब्ध साक्ष्यों का गहन अवलोकन करने के पश्चात उसे दोषी करार दिया। कोर्ट ने आरोपी घनश्याम को दो वर्ष की कैद व बीस हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई।

# पुलिस ने देखी बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था

संवाददाता—श्रावस्ती। बैंकों की सुरक्षा के लिए पुलिस लगातार जांच अभियान चला रही है। गुरुवार को एसपी के निर्देश पर विभिन्न थानों की पुलिस ने अपने क्षेत्रों के बैंकों की सुरक्षा का जायजा लिया। बैंकों में पहुंच कर पुलिस ने सुरक्षा यंत्रों की जांच की और संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ करते हुए संदिग्ध वाहनों की भी चेकिंग की। साथ ही लोगों को साइबर सुरक्षा के लिए जागरूक किया।

# इंडो–नेपाल बार्डर पर हार्डवेयर की दुकान से भारी मात्रा में नशीली दवाएं बरामद

संवाददाता—महराजगंज। इंडो—नेपाल बार्डर के सीमावर्ती ठूठीबारी कस्बे में खुफिया सूचना पर तहसीलदार निचलौल राजेश श्रीवास्तव के नेतृत्व में ड्रग विभाग, एसएसबी व पुलिस की संयुक्त टीम ने एक हार्ड वेयर की दुकान में छापेमारी की। इस कार्रवाई में भारी मात्रा में नशीली दवाएं व छह लाख नगदी बरामद हुई।

इस कार्रवाई में ड्रग कारोकारी व एक महिला पैडलर को हिरासत में लेकर एसएसबी अपने कैंप में पूछताछ कर रही है। इस दबिश से ठूठीबारी कस्बे में हड़कंप का माहौल रहा। निचलौल तहसीलदार राजेश श्रीवास्तव ने बताया कि एसएसबी इंटेलिजेंस टीम की सूचना पर ठूठीबारी कस्बे के बीच स्थित एक हार्डवेयर की दुकान पर छापेमारी की गई। टीम में ठूठीबारी कोतवाली के एसओ नीरज राय, एसएसबी के बीओपी इंचार्ज, आबकारी इंस्पेक्टर वैभव कुमार यादव व ड्रग इंस्पेक्टर शिव कुमार नायक की संयुक्त टीम शामिल रही। मकान की दूसरी मंजिल से बड़ी मात्रा में नशीली दवा के साथ नगद छह लाख रुपये बरामद किए जा चुके हैं। आरोपित कारोबारी अशीष अग्रहरी व एक महिला पैडलर को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। कस्बे में छापेमारी में मुख्य आरोपित फरार बताया जा रहा है। टीम उसकी गहनता से तलाशी शुरू कर दी है। जिस मकान से नशीली दवाएं बरामद हुई हैं वहां पुलिस का पहरा लगा दिया गया है। संयुक्त टीम के जांच रडार पर कई और भी ठिकाने हैं, जहां दबिश डाली जा सकती है।

भारतीय क्षेत्र के ड्रग के अवैध कारोबारियों का नेपाल में भी नेटवर्क है। सीमा क्षेत्र के समीप नशीली दवाओं को गोदाम में स्टोर कर उसे मौका मिलते ही पैडलर के माध्यम से नेपाल पहुंचा दिया जा रहा है। नशे के कारोबार का संजाल भारत के सीमावर्ती क्षेत्र ठूठीबारी, बरगदवा, परसा मालिक, लक्ष्मीपुर खुर्द, गड़ौरा, रेंगहिया खेसरहा फार्म तक फैला है। इन सीमावर्ती क्षेत्रों को ड्रग का ट्रांजिट पॉइंट भी कहा जाता है। जहां धड़ल्ले से इस काम को अंजाम दिया जाता है। इनका कारोबार नेपाल के नवल परासी, बुटवल, सुनवल, गोपीगंज, नारायणगढ़, चितवन से लेकर राजधानी काठमांडू तक फैला हुआ है। जहां नेपाल के युवाओं को गुमराह कर इसकी बड़े पैमाने पर सप्लाई की जाती है। कस्बे में हार्डवेयर की दुकान में संयुक्त टीम की छापेमारी में बरामद दवाओं में स्पास्मो प्रक्सिवान 9056 कैप्सूल, फेनार्गन,ऑनरेक्स सिरप 120 शीशी, डाईजीपाम 297 एम्पुल, प्रो मेथाजिन 300 एम्पुल, ब्रूफिन इंजेक्शन 300 एम्पुल शामिल है। बरामद सामान को एनडीपीएस एक्ट में सीज किया गया है। कार्रवाई के दौरान पकड़ी गई महिला की पहचान कनीज निवासी कोहरगड्डी थाना परसा मलिक के रूप में हुई है।

नीरज राय—एसओ ने कहा कि ठूठीबारी कस्बे में एक हार्डवेयर की दुकान से भारी मात्रा में नशीली दवाएं बरामद हुई हैं। सामानों का सीजर तैयार किया जा रहा है। दो आरोपित हिरासत में लिए गए हैं। इसमें एक महिला भी शामिल है। प्रकरण में एनडीपीएस एक्ट समेत अन्य धाराओं में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता के चैम्पियन का किया सम्मान

संवाददाता—बलरामपुर। लखनऊ में हुए मिस्टर यूपी बाडी बिल्डिंग चौंपियनशिप प्रतियोगिता में फस्ट रनरअप उतरौला के आकिब रहमानी रहे। वहीं टाप फाइव प्रतियोगी में जैन खान ने बाजी मारी। पूर्व नगर पालिका प्रत्याशी सपा नेता व समाजसेवी नसीरुद्दीन नसीर खान ने दोनों प्रतिभागियों को मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। समाजसेवी नसीरुद्दीन नसीर खान से सम्मान पाकर मिस्टर युपी बाडी बिल्डिंग चैंपियनशिप के फस्ट रनरअप आकिब रहमानी व टॉप फाइव कंटेस्टेंट जैन खान ने हर्ष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि दोनों लोगों की मेहनत का प्रतिफल है कि मिस्टर यूपी बाडी बिल्डिंग चैंपियनशिप में उतरौला का नाम रोशन हुआ है। मिस्टर यूपी बाडी बिल्डिंग चौंपियनशिप में आकिब रहमानी का फस्ट रनरअप चुना जाना व जैन खान का टाप फाइव में पहुचना उतरौला वासियों के लिए गर्व का विषय है। आकिब रहमानी ने बताया कि व्यायाम न केवल शारीरिक रूप से फिट बनाता है बल्कि लोगों को मानसिक रूप से स्वास्थ्य रखने में भी सहयोग करता है। इसलिए शिक्षा के साथ बेहतर तंदुरुस्ती व सेहत के लिए युवाओं को व्यायाम जरूर करना चाहिए। इस अवसर पर इसराइल अंसारी, पपलू रायनी, आरिफ अली खान, आदिल अंसारी, आमिल अंसारी, कमाल अहमद, आजम खान, शफीक खान, अमन सिद्दीकी, शोएब खान, नोमान अंसारी, राजू, बाबू समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

# पं. श्रीराम शर्मा का मनाया गया आध्यात्मिक जन्मदिवस

संवाददाता—बलरामपुर। स्थानीय गायत्री शक्ति पीठ में गायत्री परिजनों की ओर से बसंत पर्व को परमपूज्य गुरुदेव पण्डित श्रीराम शर्मा आचार्य के आध्यात्मिक जन्मदिवस के रूप में मनाया गया। बसंत पंचमी के अवसर पर गुरुवार को प्रातः कालीन सत्र में यज्ञशाला में सामूहिक महायज्ञ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यज्ञ का संचालन सुमति कसौंधन ने किया। जिसमें मां सरस्वती सहित अनेक देवी देवताओं का आह्वान करके परिजनों की ओर से बड़े ही श्रद्धा व निष्ठा के साथ आहुतियां समर्पित की गई।

संध्याकालीन सत्र में मंदिर प्रांगण में विराट दीप यज्ञ का आयोजन किया गया। दीपयज्ञ युवा मार्गदर्शक प्रदीप गोयल एवं कन्हैया लाल वर्मा की युगल जोड़ी ने बसंती चोला रंग डालो भाव गीत गाकर सभी को वासंतिक रंग में सराबोर कर भाव विभोर कर दिया। बसंत पंचमी के अवसर पर प्रकाश डालते हुए गायत्री परिवार के जिला संयोजक ने बताया कि यह बसंत पंचमी वह संधि काल है जिसमें हमें महाकाल के कदम से कदम मिलाकर चलना होगा। कहा कि बसंत पंचमी पर्व आने से सभी जीव जंतु, वनस्पति तथा प्राणियों में उत्साह का संचार होने लगता है और पेड़ पौधे खिल उठते हैं।

# रसमोद कुंज महंत रामप्रिया शरण के संयोजन में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया बसंतोत्सव







—भारतीय बस्ती संवाददाता—

अयोध्या। क्या खूब सजे सरकार बसंती जैसे पदों के गायन से गुंजायमान हो उठा मां सरयू के तट पर विराजमान रसमोद कुंज गुंजायमान हो उठा। मंदिर के पीठाधीश्वर महंत रामप्रिया शरण गिरधारी महाराज के संयोजन में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया बसंतोत्सव।अयोध्या में होली के लगभग 40 दिन पूर्व ही बसंत पंचमी से होली का उत्सव प्रारंभ हो जाता है जिसका शुभारंभ बसंत पंचमी के दिन ठाकुर जी को गुलाल लगाकर के और पदों के गायन से किया जाता है। महंत रामप्रिया शरण ने बताया कि सुबह ब्रह्म मुहूर्त में ठाकुर जी का पंचामृत से अभिषेक करके नवीन वस्त्र पहनाया गया और गुलाल लगाकर के बसंतोत्सव का शुभारंभ किया गया और शाम को पूर्वाचार्यों द्वारा रचित पदों का गायन किया गया। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर व्यास राघवेंद्र शरण, सिया बिहारी शरण, राजेंद्र पांडेय ,रामस्वरूप शरण, रामचंद्र दास, जयराम, जयराम दास,आकाश शरण, राम मनोहर वैद्य सहित दर्जनों भक्त उपस्थित रहे।रसमोदकुंज के साथ हनुमानगढ़ी पर हनुमान जी महाराज को, श्री राम जन्मभूमि परिसर में राम लाला को, श्री राम वल्लभा कुंज, मणिराम दास छावनी, दशरथ महल सहित अयोध्या में प्रारंभ हुआ 40 दिवसीय वसंत उत्सव।

# शक्ति वंदन अभियानः आधी आबादी को उपेक्षित कर नहीं हो सकता विकास -मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ





**संवाददाता–गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यदि एक महिला आत्मनिर्भर होती है तो समाज स्वतः सशक्त होता है। जिस समाज में महिला सशक्त होती है, उस समाज को आगे बढ़ने से कोई नही रोक सकता। वर्ष 2047 में जब देश आजादी का 100वां वर्ष पूरा करेगा तो हमे एक विकसित भारत मिलेगा जिसमें देश की आधी आबादी अपना विकास करेगी। महिला सशक्तिकरण के लिए सरकार प्रत्येक स्तर पर प्रयास करेगी ताकि उनकी सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन का कार्य सुनिश्चित रहे। सीएम योगी गुरुवार को योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में नारी शक्ति वंदन सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) से जुड़ी लाभार्थी महिलाओं से संवाद और 3617 स्वयं सहायता समूहों को 54 करोड़ 25 लाख रुपये का अंशकालिक ऋण भी वितरित किया।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि आधी आबादी को विकसित करके ही सरकार विकास की नई ऊंचाईयों को प्राप्त कर पायेगी। सरकार सभी महिलाओं को आश्वस्त करती है कि उनके हितो के लिए सरकार पूरी प्रतिबद्धता से कार्य करेगी। शासन की योजनाओं को जन–जन तक पहुंचाने का कार्य पूरी जिम्मेदारी के साथ करेगी। पीएम मोदी के नारी सम्मान व सुरक्षा के विजन के अनुसार गोरखपुर के सभी महिला स्वयं सहायता समूहों एवं एनजीओ, राष्ट्रीय ग्रामीण आजिविका मिशन के तहत अपने पैरों पर खड़ा होकर स्वावलम्बन का जीवन व्यतीत कर रही हैं। सीएम योगी ने कहा कि पिछले लोकसभा सत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा व विधानसभा में महिलाओं के प्रतिनिधित्व को बढ़ाने के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित किया। इसके तहत अब लोकसभा व विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण का लाभ प्राप्त होगा। विगत समय से लोकसभा व विधानसभाओं में देश की आधी आबादी का प्रतिनिधित्व बहुत कम था। अब बिना किसी भेदभाव के उनका 33 प्रतिशत स्थान आरक्षित रहेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएम मोदी ने महिला सशक्तिकरण के लिए विभिन्न कार्यक्रम शुरू किये हैं। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, मातृ वंदना योजना आदि की केन्द्र बिन्दु महिलाएं रही हैं। प्रधानमंत्री के विजन के अनुसार आज हर, महिला, किसान को बिना भेदभाव के सभी सुविधाओं का लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिनके पास आवास नहीं होता वे बहुत कष्ट में रहते है, महिलाएं उससे और कष्ट में रहती हैं। शासन द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के माध्यम से केवल गोरखपुर में 61556 पात्रों को आवास का लाभ मिला है। मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत गोरखपुर में 38866 लोगों को आवास का लाभ प्राप्त हुआ है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत गोरखपुर में कुल गठित स्वयं सहायता समूह की संख्या 20847 है, जिसमें 3 लाख 5 हजार से अधिक महिलाएं जुड़ी हुई हैं। जनपद में 63563 महिलाएं निराश्रित पेंशन, 54062 महिलएं वृद्धा पेंशन तथा 6094 महिलाएं दिव्यांगजन पेंशन योजना में लाभान्वित हो रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत 2 लाख 91 हजार महिलाओं को निःशुल्क गैस का कनेक्शन प्राप्त हुआ है। 56 स्वयं सहायता समूह राशन की दुकानों का संचालन कर रही हैं जिसमें 438 महिलाएं जुड़ी हैं। उन्होंने कहा कि पहले महिलाओं को घर से बाहर नहीं जाने दिया जाता था किन्तु आज स्वयं सहायता समूह के माध्यम से वे सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठा रही हैं। डबल इंजन की सरकार ने उनके उत्थान के लिए कई कार्यक्रम प्रारम्भ किये हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार कन्या सुमंगला योजना के तहत बेटी के जन्म से स्नातक तक की पढ़ाई के लिए आर्थिक सहायता दे रही है। इस योजना के अन्तर्गत अप्रैल माह से इसकी धनराशि 25 हजार की जायेगी। इस योजना के अन्तर्गत 17 लाख से अधिक बेटियों को जोड़ा जा चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला सम्मान के दिशा में प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत 3 लाख से अधिक बेटियों की शादी का कार्य सम्पन्न किया है। स्वामित्व योजना के तहत 90 लाख महिलाओं को घर का मालिकाना अधिकार दिलाया गया है। उन्होंने कहा कि महिला स्वयं सहायता समूह हर विकास खण्ड में पोषण अभियान के लिए अच्छा आहार भी तैयार कर वितरित कर सकती हैं। इससे वे अधिक मुनाफा कमा सकती हैं। बीसी सखी ग्रामीण क्षेत्रों में बैंक की कमी को दूर कर रही है। उन्होंने कहा कि इन प्रयासों के बाद हमें किसी भी स्तर पर भेदभाव स्वीकार नही करना चाहिए। यह नारी शक्ति सम्मेलन इसी बात को प्रदर्शित करता है। इसका उद्देश्य यह है कि जो लाभान्वित हैं वे बोले तथा जिनको लाभ नहीं मिला, उन्हें लाभान्वित किया जाये।

## रामलला के दरबार में नतमस्तक हुई गोवा कैबिनेट



**संवाददाता–अयोध्या।** गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत के साथ गोवा की पूरी कैबिनेट रामलला के दरबार में पहुंची और दर्शन–पूजन किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री के साथ आए सभी 51 सदस्यों ने रामलला के चरणों में माथा टेका। बृहस्पतिवार दोपहर को सभी अयोध्या एयरपोर्ट पर उतरे तो परंपरागत अंदाज में उनका भव्य स्वागत किया गया। एयरपोर्ट पर प्रदेश सरकार के मंत्री सतीश शर्मा, अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता और महापौर महंत गिरिशपति त्रिपाठी व जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह ने सभी का स्वागत किया।

### अदालती नोटिस

इश्तहार मजरिया अदालत– श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) बस्ती जिला–बस्ती
प्रकीर्णवाद सं. 289/2023
एजाज अहमद–सायलान
1. एजाज अहमद आयु लगभग 60 वर्ष पुत्र स्व0 अब्दुल समद निवासी वार्ड नं0–9 सम्राटनगर नगर पंचायत हर्रैया पो0 हर्रैया तप्पा पुरैना परगना अमोढ़ा तहसील हर्रैया जिला–बस्ती 2. श्रीमती हमीदुन्निश आयु 83 वर्ष पत्नी अब्दुल समद निवासी वार्ड नं0–9 सम्राटनगर नगर पंचायत हर्रैया पो0 हर्रैया तप्पा पुरैना परगना अमोढ़ा तहसील हर्रैया जिला–बस्ती

**तारीख पेशी 28–03–2024**

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा–372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम–1925
दरख्वास्त मुसम्मा
वास्ते हुसूल सर्टीफिकेट वसूल कर्जा व विकालत हाय दरख्वास्त मुसम्मा मुतवफ्फा अपने बमूजिब एक्ट 7 सन 1889 ई0 वकैद

हरगाह मुसम्मा ने दरख्वास्त हुसूल सर्टीफिकेट गुजरानी है और तारीख माह सन ई0 वास्ते समाअत दरख्वास्त के मुकर्रर हुई है। लिहाजा यह इश्तिहार जारी किया जाता है कि किसी को निस्बत के उज्र हो या असालतन या वकालतन वक्त 10 बजे सुबह अदालत सिविल जज (जू0डि0) बस्ती बतारीख पेशी 28–03–2024 मुकर्रर हाजिर होकर उज्र अपना पेश करें। दरसूरत इनकजाय तारीख मजकूर के फिर उज्र किसी का सुना न जायेगा और हुक्म मुनासिब निस्बत दरख्वास्त मजकूर के सादिर होगा।
अलमरकूम माह सन 20 ई0।
द0 हाकिम

### अदालती नोटिस

सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
न्यायालय–श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) खलीलाबाद बस्ती जिला–बस्ती
मूलवाद सं0 12/2023
श्रीमती शोभा देवी
बनाम
श्रीमती सोना देवी
1. श्रीमती शोभा देवी पत्नी नागेन्द्रनाथ साकिन मौजा कूढ़ा पट्टी पृथी तप्पा कूढ़ा परगना नगर पूरब तहसील व जिला बस्ती

**तारीख पेशी 20–03–2024**

हरगाह ने आपके नाम नालिश बाबत के दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 20 माह 03 सन 2024 ई0 बवक्त 10 बजे दिन असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमें के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबाबदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके इजहार के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा। बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।
द0 हाकिम

### अदालती नोटिस

सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
न्यायालय–श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) खलीलाबाद बस्ती जिला–बस्ती
मूलवाद सं0 605/2022
राजमणि
बनाम
रंणजय आदि
1. रंणजय प्रसाद सिंह उम्र लगभग 62 वर्ष पुत्र ज्वाला प्रसाद सिंह साकिन हाल मुकाम मरवटिया बाबू तप्पा दुबखरा परगना नगर पूरव तहसील व जिला–बस्ती 2. कपिलदेव उम्र लगभग 67 वर्ष पुत्र छोटेलाल साकिन पाकरडाड़ तप्पा कपरी महसो परगना महुली पश्चिम तहसील व जिला बस्ती

**तारीख पेशी 21–03–2024**

हरगाह ने आपके नाम नालिश बाबत के दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 21 माह 03 सन 2024 ई0 बवक्त 10 बजे दिन असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमें के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबाबदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके इजहार के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा। बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।
द0 हाकिम

## जनता दर्शन में सीएम योगी ने लोगों की सुनी समस्याएं

**संवाददाता–गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि उनकी सरकार के रहते कोई भी गरीबों को उजाड़ नहीं पाएगा। किसी ने ऐसा दुस्साहस किया तो उसके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई तय है। गरीबों की जमीन तो बचाई ही जाएगी, साथ ही जिन जिन भी जरूरतमंदों को अभी पक्का मकान नहीं मिल पाया है, उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना या मुख्यमंत्री आवास योजना के दायरे में लाकर पक्के आवास की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। सीएम योगी ने ये बातें गुरुवार को गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्याएं सुनते हुए कहीं। इन बातों पर अमल करने को लेकर उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित भी किया। मंदिर परिसर स्थित महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक खुद पहुंचे। सबकी समस्याओं को सुनते हुए आश्वस्त किया हर समस्या का समयबद्ध, पारदर्शी व संतुष्टिपरक निस्तारण किया जाएगा।

जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने करीब 500 लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट हिदायत दी कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाड़ने वाले किसी भी सूरत में बख्शे न जाएं।

### अदालती नोटिस

सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
न्यायालय–श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) खलीलाबाद बस्ती जिला–बस्ती
मूलवाद सं0 539/2021
रामचन्दर
बनाम
राजमणि आदि
1. राजमणि 2. रामलौट 3. धर्मेन्द्र पुत्रगण जगराम निवासीगण ग्राम गजया तप्पा चरकैला परगना महुली पश्चिम तहसील व जिला–बस्ती पिन कोड–272301
–प्रतिवादीगण प्रथम वर्ग
4. श्याम नरायन पुत्र राम आसरे निवासीगण ग्राम गजया तप्पा चरकैला परगना महुली पश्चिम तहसील व जिला–बस्ती पिन कोड–272301
–प्रतिवादी द्वितीय वर्ग

**तारीख पेशी 29–03–2024**

हरगाह ने आपके नाम नालिश बाबत के दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 29 माह 03 सन 2024 ई0 बवक्त 10 बजे दिन असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमें के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबाबदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके इजहार के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा। बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।
द0 हाकिम

### अदालती नोटिस

सम्मन बनाम कायम मुकाम कानूनी मुद्दाअलेह मुतवफ्फा
(आर्डर 22, कायदा 4)
न्यायालय–श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) खलीलाबाद बस्ती जिला–बस्ती
मूलवाद सं0 274/2016
अशोक कुमार आदि
बनाम
राज नरायन आदि
1/1 ज्ञानदेई उम्र 60 वर्ष पत्नी राज नरायन 1/2 कुलदीप उम्र 38 वर्ष 1/3 महेन्द्र उम्र 35 वर्ष 1/4 महेश्वर उम्र 30 वर्ष पुत्रगण राज नरायन साकिनान मौजा बेदूखोर उर्फ दतुआखोर तप्पा डीही परगना महुली पश्चिम तहसील व जिला–बस्ती

**तारीख पेशी 28–02–2024**

हरगाह मुद्दई ने एक नालिश इस अदालत में बतारीख माह सन 20 ई0 बनाम मुद्दाअलेह के रूजू की थी, जो बाद की मौत हरगाह मुद्दई मजकूर ने एक दरख्वास्त इस अदालत में गुजारी है कि आप मुतवफ्फा मजकूर का कायम मुकाम कानूनी वारिस है और चाहता है कि बजाय उसके मुद्दाअलेह बनाये जांय।

लिहाजा आपको हुक्म होता है कि बतारीख 28 माह 02 सन 2024 ई0 बवक्त 10 बजे इस अदालत में हाजिर होकर मुकदमा मजकूर जबाबदेही कीजिये और अगर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा वगैर हाजिरी आपके मसमूअ और फैसला होगा।

बवक्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।
द0 हाकिम

## गुमशुदगी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है हम प्रार्थी शशि प्रताप सिंह पुत्र संत बहादुर सिह. ग्राम व पोस्ट–बेलहरा, जनपद बस्ती का निवासी हूँ और सिंह ट्रेडर्स (TIN No. 091189092455) ग्राम व पो०– बेलहरा, जनपद–बस्ती का प्रोपराइटर हूँ। हम प्रार्थी द्वारा वाणिज्य कर विभाग, बस्ती से वित्तीय वर्ष 2016–17 में तमिलनाडु से माल मंगाने हेतु दो प्रति फार्म–38 जारी करवाया जिसमें एक फार्म पर हम प्रार्थी द्वारा माल मंगवाया गया और दूसरा फार्म सं० EE2420468. हमारे पास सुरक्षित था। दिनांक 08.11.2023 को वाणिज्य कर विभाग, बस्ती में जमा करने हेतु ले जा रहा था जो फार्म 38 सं० EE2420468 कहीं रास्ते में गुम हो गया है। यदि किसी को प्राप्त हो तो निम्न पते पर सूचना देकर सहयोग करें।

**(शशि प्रताप सिंह)**
प्रोपराइटर सिंह ट्रेडर्स
ग्राम व पोस्ट–बेलहरा,
जनपद–बस्ती
मो0नं0–9889160449
दिनांकः 16.12.2023

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की ठाकुर प्रसाद पुत्र झिनकाई निवासी वार्ड नंबर 2 शक्ति नगर भटहा जंगल नगर पंचायत बभनान तप्पा अतरोह परगना बस्ती पश्चिम तहसील हरैया जिला बस्ती पिछले 26 साल से लापता है इनके बारे में कोई सूचना प्राप्त हो तो इस पते पर सूचित करने का कष्टकरें। जगदंबा प्रसाद पुत्र झिनकाई वार्ड संख्या दो शक्ति नगर भटहा जंगल तप्पा अतरौह परगना बस्ती पश्चिम पोस्ट बभनान तहसील हरैया जिला बस्ती।

## कार्यालय उपनिदेशक (निर्माण)

## राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद उ0प्र0

### नवीन मण्डी स्थल– बस्ती

पत्रांकः निर्माण/निविदा/बस्ती/2023–600 दिनांकः 15.02.2024

**–: अति0 अलपकालीन ई–निविदा सूचना :–**

निम्न कार्यो की निविदा पत्रांक 545 दिनांकः– 10.01.2024 एवं पत्रांक 575 दिनांक 6.02.2024 के माध्यम से मण्डी परिषद एवं सरकारी विभागों/कार्यदायी संस्थाओं में पंजीकृत (लो०नि०वि०, आर०ई०डी०, यू०पी०आर०एन०एन०, यू०पी०पी०सी०एल०) में पंजीकृत एवं वित्तीय रूप से सुदृढ प्रतिष्ठित एवं अनुभवी ठेकेदारो/फर्म से अलग–अलग तकनीकी एवं वित्तीय बिड ई–टेण्डरिंग के माध्यम से दिनाक 06.02.2024 को आनॅलाइन निविदायें आमन्त्रित की गयी थी परन्तु निविदा में किसी भी फर्म/ठेकेदार द्वारा प्रतिभाग न किये जाने के कारण सम्बन्धित निविदा पुनः ई–टेण्डरिंग के माध्यम से आनलाइन निविदा वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर दिनाक 22.02.2024 को अपरान्ह 12.00 बजे तक डाउनलोड कर अपलोड की जा सकती है। जो उसी दिन निविदादाता, ठेकेदारों अथवा उनके प्रतिनिधियों (यदि उपस्थित हुए) के समक्ष दिनांक 22.02.2024 को अपरान्ह 12:30 बजे अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में आनॅलाइन खोली जायेगी। निविदा की तकनीकी बिड उपयुक्त पाये जाने पर वित्तीय विड खोली जायेगी ।

| क्र0 सं0 | मण्डी समिति का नाम | कार्य का नाम | कार्य की लागत (लाख रू0 में) | धरोहर धनराशि (लाख रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य + जी0एस0टी0 (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा की वैद्यता | निविदा की श्रेणी | मण्डी परिषद में पंजीकृत ठेकेदारो की श्रेण जो निविदा में प्रतिभाग कर सकते है |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | | 9 |
| 30 | शोहरतगढ़ | न0सं0मार्ग खुनवा शोहरतगढ़ मुख्य मार्ग से रमवापुर तिवारी गॉव तक। 2023_RKUMP_872743_4 | 46.75 | 4.35 | 8300.00 | 04 | 90 | ''स'' | अ, ब, स, |
| 31 | शोहरतगढ़ | न0सं0 मार्ग सेहूणी से पलिया सिसवा तक। 2023_RKUMP_872744_4 | 39.68 | 4.00 | 7100.00 | 03 | 90 | ''द'' | अ, ब, स, द |

**नोटः–**

(1) धरोहर धनराशि का मूल्य उपनिदेशक (निर्माण) के स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया की शाखा साऊघाट बस्ती के **खाता संख्या 30394488595** आई0एफ0एस0 कोड संख्या **SBIN0011200** एवं निविदा का मूल्य **खाता संख्या 30394488415** आई0एफ0एस0 कोड संख्या **SBIN0011200** उप निदेशक (निर्माण) के नाम अलग–अलग आर0टी0जी0एस0 करना होगा, जिसका बैंक से सत्यापित यू0टी0आर0 नम्बर हार्ड कापी में उपलब्ध कराना होगा, एवं अपलोड भी करना अनिवार्य होगा।

(2) निविदादाता द्वारा अपलोड किये गये प्रपत्रों में से यदि कोई भी प्रपत्र फर्जी पाया जाता है तो ऐसे निविदादाता द्वारा मण्डी परिषद के खाते में जमा जमानत धनराशि को मण्डी परिषद के खाते में जब्त करते हुए नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

(3) मण्डी परिषद मुख्यालय के आदेश पत्राक मु0अभि0ग्रेड–2/(1168 )/भाग–4/2005) /2022–641 दिनांक 11.08.2022 एवं पत्रांक 217 दिनांक 29.05.2023 एवं परिषद पत्रांक 487 दिनांक 11.07.2023 के अधीन 'अ' एव 'ब' श्रेणी मे मण्डी परिषद के अतिरिक्त अन्य सरकारी विभागों/कार्यदायी संस्थाओं (लो०नि०वि०, आर0ई०डी०, यू०पी०आर०एन०एन०, यू०पी०पी०सी०एल०) में पंजीकृत फर्म/ठेकेदार निर्धारित नियमों के अनुरूप ही प्रतिभाग कर सकेंगे। पी0डब्लू0डी0, आर0ई०डी०, यू०पी०आर०एन०एन०, व यू०पी०पी०सी०एल०) विभाग में 'अ' श्रेणी में पंजीकृत फर्म/ठेकेदार ''अ'' व ''ब'' श्रेणी के कार्य में तथा ''ब'' श्रेणी में पंजीकृत फर्म ''ब'' श्रेणी के कार्य की निविदा में प्रतिभाग कर सकते है। अन्य श्रेणी के कार्यो में प्रतिभाग करने पर निविदा प्रथम दृष्टया निरस्त कर दी जायेगी।

(4) अन्य सरकारी विभागों मे पंजीकृत ठेकेदारों की निविदा प्रथम न्यूनतम आती है तो उन्हें मण्डी परिषद में पंजीकरण कराना होगा तथा अनुबन्ध गठन के समय 10 प्रतिशत अतिरिक्त धरोहर धनराशि जमा करनी होगी।

(5) विस्तृत नियम व शर्तें आनॅलाइन निविदा वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

**उप निदेशक (निर्माण)**

### अदालती नोटिस

सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
न्यायालय–श्रीमान सिविल जज (सी0डि0) बस्ती जिला–बस्ती
मूलवाद सं0 91/2023
शारदा सिंह
बनाम
राज्य उत्तर प्रदेश
1. राज्य उत्तर प्रदेश द्वारा कलेक्टर बस्ती 2. ग्राम पंचायत पैकोलिया द्वारा प्रधान ग्राम पंचायत पैकोलिया तप्पा रतनपुर परगना बस्ती पश्चिम तहसील हरैया जिला–बस्ती

**तारीख पेशी 21–02–2024**

हरगाह ने आपके नाम नालिश बाबत के दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 21 माह 02 सन 2024 ई0 बवक्त 10 बजे दिन असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमें के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबाबदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके इजहार के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा। बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।
द0 हाकिम

## कार्यालय सहायक रजिस्ट्रार फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स गोरखपुर मण्डल गोरखपुर।

## सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अकबर अली पुत्र श्री हविबुल्लाह, अध्यक्ष/सदर की हैसियत से संस्था मदरसा व मस्जिद अशरफिया अहले सुन्नत तालीमुल कुरान, ग्राम व पो०–परसा खुर्द वुजुर्ग दरियापुर जंगल टोला तुलसीपुर, तहसील– भानपुर बाबू जनपद बस्ती के पंजीकरण हेतु निर्धारित शुल्क व प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है। प्राप्त अभिलेख के अनुसार सर्व श्री 01. श्री अकबर अली–अध्यक्ष/सदर 2. श्री हसमत अली–उपाध्यक्ष/ना० सदर 3. श्री मोहम्मद इस्लाम–प्रबंधक/नाजिम 4. श्री जमाल अहमद– उपप्रबंधक/ ना० नाजिम 5. श्री जान मोहम्मद–कोषाध्यक्ष / खजांची 6. श्री अब्दुल्लाह–सदस्य 7. श्री गुलाम रसूल–सदस्य दर्शाये गये।

अतः यदि किसी व्यक्ति को उक्त संस्था के पंजीकरण पर आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा और गुण–दोष के आधार पर संस्था के पंजीकरण सम्बन्धी कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी।

विदित हो कि उक्त नोटिस सो०रजि०एक्ट 1860 की धारा 3(1) के अन्तर्गत जारी किया जा रहा है।

आज्ञा से
**(बी० के० सिंह)**
सहायक रजिस्ट्रार गोरखपुर मण्डल गोरखपुर ।

### अदालती नोटिस

सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
न्यायालय–श्रीमान सिविल जज (सी0डि0) बस्ती जिला–बस्ती
प्रकीर्णवाद सं0 68/2023
मूलवाद सं0 663/11
जगदीश
बनाम
कृष्ण कुमार चौरसिया
कृष्ण कुमार चौरसिया उम्र लगभग 67 वर्ष पुत्र राम नरायन निवासी मोहल्ला ग्राम पिकौरा दत्तूराय तप्पा हवेली परगना बस्ती पूरव तहसील व जिला–बस्ती

**तारीख पेशी 20–03–2024**

हरगाह ने आपके नाम नालिश बाबत के दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 20 माह 03 सन 2024 ई0 बवक्त 10 बजे दिन असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमें के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबाबदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके इजहार के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा। बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।
द0 हाकिम

**दैनिक भारतीय बस्ती**
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक प्रदीप चन्द्र पाण्डेय द्वारा दर्पण प्रिन्टिंग प्रेस वि0. नया हाल 1–4 A लोहिया काम्पलेक्स जिला पंचायत भवन गांधीनगर बस्ती (उ.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादक दिनेश चन्द्र पाण्डेय

प्रबन्ध सम्पादक–**दिनेश सिंह**
संयुक्त सम्पादक–**प्रदीप चन्द्र पाण्डेय**
**अयोध्या–फैजाबाद कार्यालय–**
चतुर्भुजी मंदिर परिसर लक्ष्मण घाट अयोध्या–फैजाबाद
**लखनऊ कार्यालय–**
आशियाना चौराहा, एल.डी.ए. कालोनी, सेक्टर एच. कानपुर रोड लखनऊ।
**गोरखपुर कार्यालय–**
इलाहीबाग गोरखपुर।
मो09450567450 9336715406,
ई.मेल bhartiyabasti@yahoo.com
bhartiyabasti@gmail.com